





# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 238/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 — संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल — ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शुक्रवार 14 अप्रैल 2023 भोपाल से प्रकाशित — dainiksandhyaprakash.in



**सांध्यप्रकाश विशेष**

## पूर्व आईपीएस अधिकारी मैथिली शरण गुप्त का अपराध मुक्त भारत मिशन



मध्यप्रदेश के पूर्व आईपीएस अधिकारी मैथिली शरण गुप्त देश में अपराध मुक्त भारत मिशन प्रारंभ कर रहे हैं। वे इस मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। इसके लिए वे सदस्यता अभियान चला रहे हैं, जिसमें सदस्यों को चंद्रगुप्त कहा जाएगा। उन्होंने अपील की है कि सभी शपथकृत सदस्य/चन्द्रगुप्त अतिशीघ्र अपना नामांकन भर लें, उन्हें 18 प्रस्तावकों के लिए मतदान सूची नामांकन प्रमाण पत्र चुनाव कार्यालय से प्राप्त कर टेलीग्राम एप पर मुझे भेजना होगा, ताकि किसी त्रुटि की जांच की जा सके. हमें 19 और 20 अप्रैल को नामांकन पत्र त्रुटिरहित जमा करना सुनिश्चित करना है। प्रथम चरण में 18 अप्रैल तक अधिकतम सदस्य या चंद्रगुप्त (शपथकृत) जोड़े जाने हैं। 18 अप्रैल को 224 चन्दगुप्तों की अन्तरिम मेरिट सूची तैयार की जाएगी और उनका नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष चुनाव कार्यालय में दाखिल किया जाएगा। द्वितीय चरण में 18 अप्रैल से 10 मई के बीच अधिक से अधिक सदस्यों/चन्द्रगुप्त को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा एवं 10 मई को चन्द्रगुप्त (224) की अन्तिम मेरिट सूची तैयार कर जारी की जायेगी। 10 मई को निकाली गई अंतिम मेधा सूची के अनुसार निम्नलिखित चन्द्रगुप्तों का शपथ ग्रहण समारोह 13 मई 2023 को होगा- 1. मुख्यमंत्री (सीएम) के रूप में प्रथम स्थान धारक, 2. उपमुख्यमंत्री के रूप में दूसरा स्थान धारक, 3. उप मुख्यमंत्री के रूप में तीसरा स्थान धारक 4. 4-25 स्थान धारक मंत्री की शपथ। उपरोक्तानुसार सभी शपथ ग्रहण पथप्रदर्शक समारोह के लिए तैयार रहें।

## महाकाल मंदिर के पुजारी का मोबाइल हैक 50 से अधिक लोगों से पैसे मांगे




**उज्जैन।** महाकाल मंदिर के पुजारी संजय शर्मा का मोबाइल हैक कर उनके नाम पर 50 से अधिक लोगों को मैसेज भेजा गया। हैकर ने कॉन्टेक्ट हैक कर रुपए की डिमांड की। जब लोगों ने पुजारी को फोन लगाकर कारण जानना चाहा, तो पता चला कि फोन हैक हो गया है।

महाकाल मंदिर के पुजारी संजय शर्मा का बीती रात किसी हैकर ने मोबाइल हैक कर दिया। देर रात तक मोबाइल नंबर 9144867502 और 7978513401 से संजय पुजारी का फोटो डीपी पर लगाकर करीब 50 से अधिक लोगों को मैसेज भेजे। मैसेज में लिखा- मुझे कुछ पैसों की जरूरत है। मैं अकाउंट नंबर दे रहा हूं, इस पर भेज देना, शाम तक लौटा दूंगा। एक अन्य मैसेज में लिखा- मेरे बैंक अकाउंट से राशि ट्रांसफर नहीं हो रही, आप कर दो, शाम तक दे दूंगा।

इस तरह के मैसेज देख कर कई लोगों को शक हुआ तो उन्होंने संजय पुजारी को फोन लगाया। उनका फोन बंद था। इस पर आशीष पुजारी से पता करने पर पता चला कि उनका फोन हैक है। महाकाल मंदिर के पुजारी आशीष शर्मा ने बताया कि फोन हैक होने के बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। किसी भी व्यक्ति के पास राशि मांगने संबंधी मैसेज आता है तो राशि ट्रांसफर नहीं करें।

**वॉट्सऐप भी हैक किया-** आशीष पुजारी ने बताया कि संजय पुजारी का वॉट्सऐप ऐप भी हैक कर लिया गया। इसके साथ ट्रू कॉलर पर भी उक्त नंबर पर संजय पुजारी का नाम लिखा आ रहा है। सभी से पैसे की डिमांड वॉट्सऐप पर की जा रही है।

## सब्जी कारोबारी को फिर मिली चिट्ठी, 40 लाख मांगे

**इंदौर।** शहर में गुंडे-बदमाशों की हिम्मत तो देखिए, चोइथराम मंडी के सब्जी कारोबारी करुणेंद्र उर्फ कल्लू बागड़ी को फिर धमकी देकर पैसे मांगे गए। इस बार 40 लाख की मांग की गई। बकायदा चिट्ठी पत्र लिखकर कहा गया है कि 40 लाख नहीं मिले तो उठा ले जाएंगे। चिट्ठी लिखने वाले ने धमकाते हुए लिखा कि मैं अकेला नहीं हूं, मेरे साथ पैनल है। तू पुलिस और मीडिया को क्यों बता रहा है।




चार दिन पहले बुधवार को बागड़ी को एक धमकी भरी चिट्ठी मिली। करुणेंद्र बागड़ी की चोइथराम सब्जी मंडी में 148 नंबर की दुकान है। मामला राजेंद्र नगर थाने में दर्ज कर लिया गया है। इस बार किसान के जरिए चिट्ठी भेजी गई थी। पहले इसे मंडी में काम करने वाले मानसिक रोगी बच्चे के जरिए भेजा था। इस बार पत्र किसान छगनलाल के जरिए भेजा गया है। छगनलाल कारोबारी कल्लू को ही माल बेचता है। आरोपियों ने गाड़ी पर चिट्ठी चिपका दी थी। उस पर लिखा था कि छगन तू कल्लू का दोस्त है, उससे कहना की 40 लाख रुपए नहीं दिए तो गाड़ी सहित उठा कर ले जाएंगे। उसे अभी तक समझ में नहीं आ रहा है। सारी बातें पुलिस और मीडिया को बता रहा है।

बागड़ी ने यह दूसरा पत्र भी पुलिस को सौंप दिया। व्यापारी इस घटना से चिंतित है। उन्होंने कहा कि पुलिस अभी तक आरोपियों को ढूंढ नहीं पाई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज निकाले, लेकिन उसमें कुछ भी स्पष्ट नहीं दिखा। पुलिस को शक है कि ये किसी परिचित का काम लगता है।

# प्रधानमंत्री ने गुवाहाटी में एम्स का उद्घाटन किया



**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहू के मौके पर असम के गुवाहाटी में एम्स के अलावा 3 सरकारी मेडिकल कॉलेज का भी उद्घाटन किया। इससे पहले पीएम लोकप्रिय गोपीनाथ बोर्डोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे, जहां असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने उनका स्वागत किया।

आज 14,300 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। साथ ही गुवाहाटी हाईकोर्ट के प्लेटिनम जुबली समारोह में भी शामिल होंगे। इसके बाद पीएम मोदी सुरसजाई स्टेडियम में बिहू के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में 31 जिलों के 10 हजार से अधिक कलाकार प्रस्तुति देंगे। इस प्रोग्राम के जरिए असम के लोक नृत्य बिहू को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराने का प्रयास होगा। पीएम ने इसकी जानकारी देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि बिहू पर लोगों के बीच होना मेरे लिए खुशी की बात है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार का बिहू का त्योहार खास होने वाला है क्योंकि 14 अप्रैल को असम में कई विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास होगा।

# बाबा साहब अंबेडकर को याद किया देश ने







**नई दिल्ली।** संविधान के निर्माता और भारत रत्न डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर संसद भवन लॉन में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और अमित शाह ने डॉक्टर अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, एनसीपी प्रमुख शरद पवार और अन्य नेताओं ने दिल्ली में संसद भवन लॉन में डॉ अंबेडकर की जयंती समारोह में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा- पूज्य बाबासाहेब, जिन्होंने समाज के वंचित और शोषित वर्गों के सशक्तिकरण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनकी जयंती पर शत शत नमन। जय भीम! राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, बाबा साहब के जन्मदिवस पर सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

**पहली बार देशभर में अवकाश-** मोदी सरकार ने बाबासाहेब के सम्मान में एक ऐतिहासिक फैसला किया है। आजादी के 75 साल के बाद ऐसा पहली बार होगा जब 14 अप्रैल, 2023 को अंबेडकर जयंती पर देशभर में अवकाश रहेगा।

### महू में अंबेडकर जन्म स्थली पर पहुंचे राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री

# बाबासाहेब के पंचतीर्थ को मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना से जोड़ा जाएगा: सीएम



**भोपाल।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पंचतीर्थ को मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना से जोड़ा जाएगा। यह घोषणा आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की। मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती है मैं उनके चरणों में प्रणाम करते हुए कहा कि हमने यह फैसला किया है कि पंचतीर्थ को मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना से जोड़ा जाएगा। पंचतीर्थ में से एक तीर्थ है लंदन, पांचों तीर्थों को जो डॉ बाबासाहेब आंबेडकर के जीवन से संबंधित है तीर्थ यात्रा के अंतर्गत जोड़ा जा रहा है।

इन पंचतीर्थ में जन्मभूमि महू, शिक्षाभूमि लंदन, दीक्षाभूमि नागपुर, महापरिनिर्वाण भूमि दिल्ली और चैत्यभूमि जहां अंतिम संस्कार हुआ मुंबई शामिल हैं। मुझे यह कहते हुए गर्व है कि महू में अगर बाबा साहब का स्मारक बनाने का सौभाग्य मिला, तो हमें मिला। पंचतीर्थ का निर्माण और वहां सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। श्री चौहान ने कहा कि महू आने वाले श्रद्धालुओं के लिए धर्मशाला निर्माण हेतु आवश्यक जमीन पर सेना की एनओसी मिल गई है। साढ़े तीन एकड़ जमीन को डॉ बाबा साहब मेमोरियल समिति को लीज पर देकर श्रद्धालुओं के रुकने, ठहरने समेत अन्य सभी आवश्यकताएं पूरी की जाएगी।

श्री चौहान ने कहा- कल दिग्विजय सिंह जी कह रहे थे कि मुस्लिमों की आबादी घट रही है, वहीं कमलनाथ जी रोज़ा इफ़्तार में दंगे भड़कने की बात करते हैं।

ये चुनाव के समय एक कह रहे हैं कि जनसंख्या घट रही है, एक दंगे भड़कने की बात कर रहे हैं। अरे मध्यप्रदेश शांति का टापू है, यहां कोई षड्यंत्र सफल नहीं होगा।



## भोपाल में नेताओं ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने अंबेडकर जी की प्रतिमा के समक्ष पहुंच कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसी पर उन्होंने कहा



कि आज भारत के संविधान निर्माता श्रद्धेय बाबा साहेब डॉक्टर आंबेडकर जी की जयंती है। इस अवसर पर मैं सभी प्रदेशवासियों एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देता हूं। भारतीय जनता पार्टी आज मध्य प्रदेश के 64100 बूथों पर पुष्पांजलि के कार्यक्रम आयोजित कर रही है।



## कमलनाथ, अखिलेश यादव सहित कई नेता पहुंचे महू

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने महू में बाबा साहेब अंबेडकर की जन्मस्थली पर पहुंचकर स्मारक पर नमन कर बाबा साहेब को याद किया। उनके साथ कांग्रेस विधायक सज्जन वर्मा हैं। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय पहुंचे। उन्होंने बाबा साहेब को नमन किया। यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव और भीम आर्मी के चंद्रशेखर आजाद एक ही गाड़ी से महू पहुंचे। कमलनाथ ने कहा- संविधान निर्माता की जन्मस्थली पर भी शिवराज झूठ बोलते हैं। वे झूठी घोषणाएं करते हैं। कई बार कह चुके हैं बाबा साहब के नाम पर पंच तीर्थ बनाएंगे, लेकिन आज तक नहीं बनाया।



# भारत की बैंकिंग और वित्तीय प्रणाली पर वैश्विक संकट का असर नहीं: शक्तिकांत दास

**वाशिंगटन।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि भारत की वित्तीय प्रणाली अमेरिका और स्विट्जरलैंड के हालिया घटनाक्रमों से पूरी तरह अछूती है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर ने वाशिंगटन में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका और स्विट्जरलैंड में बैंकिंग प्रणाली में हालिया घटनाक्रमों ने वित्तीय स्थिरता और बैंकिंग क्षेत्र की स्थिरता के महत्व को एक बार फिर उजागर किया है।



शक्तिकांत दास केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में शामिल होने के लिए वाशिंगटन पहुंचे थे। सिलिकॉन वैली बैंक के डूबने से संबंधित एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अमेरिका और स्विट्जरलैंड में बैंकों की विफलताओं से जुड़ी घटनाक्रमों ने स्वाभाविक रूप से पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। उन्होंने कहा, जहां तक भारत का सवाल है, भारतीय बैंकिंग प्रणाली, भारतीय वित्तीय प्रणाली अमेरिका या स्विट्जरलैंड में हुए घटनाक्रमों से पूरी तरह अछूती है। हमारी बैंकिंग प्रणाली लचीली, स्थिर और स्वस्थ है।

## नियामकों को कमजोरियों को जल्द से जल्द पहचानने पर करना चाहिए फोकस

उन्होंने कहा, बैंकिंग से संबंधित मापदंड, चाहे वह पूंजी पर्याप्तता हो, तनावग्रस्त परिसंपत्तियों का प्रतिशत हो, व्यक्तिगत और प्रणालीगत स्तर पर अलग-अलग बैंकों की तरलता का कवरेज अनुपात हो या प्रावधान कवरेज अनुपात, बैंकों के शुद्ध ब्याज मार्जिन का मामला हो या बैंकों की लाभप्रदता इन सभी पैरामीटर पर भारतीय बैंकिंग प्रणाली अब भी बहुत स्वस्थ बनी हुई है। शक्तिकांत दास ने कहा कि जहां तक भारतीय रिजर्व बैंक का सवाल है, पिछले कुछ वर्षों में हमने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों सहित पूरी बैंकिंग प्रणाली के अपने विनियमन और पर्यवेक्षण में काफी सुधार किया और सख्ती बरती है। रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा कि निगरानी (नियामकों) का फोकस कमजोरियों की जल्द से जल्द पहचान करने पर होना चाहिए, न कि संकट के बढ़ने का इंतजार करने पर।



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी में कुलदीप खरे एवं राजेश हिंगोरानी को सत्कार प्रभारी बनाए जाने पर भाजपा नेता विनय दादलानी ने अपने प्रतिष्ठान पर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष कमल विधानी, वरिष्ठ नेता किशन अच्छानी, राजेश बेलानी, सनी गांधी, जीतू बेलानी, अमित राजानी, मनीष किशनानी, सूरज किशनानी, राहुल चौहान, हितेश दयारामानी, आशीष सोनी, नरेश रजक, रक्कू यादव, जीतेश दिनानी, शुभम खरात, हितेश रामचंदानी, प्रदीप राठौर, धीरेंद्र राय एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बिजली बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह खुले रहेंगे

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र में 14 अप्रैल (डॉ. अम्बेडकर जयंती/वैशाखी), 15 अप्रैल (शनिवार) एवं 16 अप्रैल (रविवार) को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। भोपाल शहर वृत्त के चारों शहर संभाग यथा पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मण्डीदीप में बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिन भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। बिजली उपभोक्ताओं से अपील है कि वे राजधानी के जोनल आफिस में पीओएस मशीन से कैश के जरिए बिल भुगतान तथा ऑनलाइन माध्यम से भी बिल भुगतान कर सकते हैं। कंपनी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी 16 जिलों में बिजली वितरण केन्द्र/बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे। इसके लिए सभी मैदानी महाप्रबंधकों को निर्देशित किया गया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा निम्नदाब घरेलू उपभोक्ताओं को ऑनलाइन भुगतान करने पर उनके कुल बकाया बिल पर 0.50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। साथ ही अधिकतम छूट के लिए कोई सीमा बंधन नहीं है। इसी प्रकार उच्चदाब उपभोक्ताओं को प्रति बिल कैशलेस भुगतान पर 100 रूपये से 1000 रुपये तक की छूट दी जा रही है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से बिजली का बिल ऑनलाइन भुगतान करने की अपील की है। कंपनी ने कहा है कि उपभोक्ताओं को एम.पी.ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टर, कंपनी पोर्टल (नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, यूपीआई, ईसीएस, बीबीपीएस, कैश कार्ड एवं वॉलेट आदि) फोन पे, अमेजान पे, गूगल पे, पेटीएम एप एवं उपाय मोबाइल एप के माध्यम से बिल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है।



**भोपाल। अंबेडकर जयंती के अवसर पर केनरा बैंक एससी-एसटी इंप्लाइज एसोसिएशन द्वारा बोर्ड ऑफिस चौराहे पर कार्यक्रम का आयोजन**

## समाजसेवी मुकेश कृपलानी का जन्मदिन




**भोपाल।** लालघाटी स्थित मानस उद्यान पर समाजसेवी मुकेश कृपलानी का 50 वां जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर सुंदरकांड एवं सहयोग का आयोजन किया गया मुकेश कृपलानी पूरे लॉकडाउन एवं अन्य अवसरों पर समाज के असहाय लोगों की सेवा करते रहे हैं मुकेश कृपलानी ने कहा कि सभी के आशीर्वाद से ही यह कार्य करने की प्रेरणा मिलती है इस अवसर पर श्याम राय विनोद मालवीय सहित अनेक मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उनको बधाई दी।

## चित्रांश अकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल में बेहतरीन शिक्षा




भोपाल। बेरसिया रोड बलिया पर चित्रांश एकेडमी हाई सेकेंडरी स्कूल विगत 10 वर्षों से क्षेत्र में बेहतर शिक्षा उपलब्ध करा रहा है स्कूल के संचालक जीतेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि उनके स्कूल पर कंप्यूटर लाइब्रेरी प्लेग्राउंड के साथ ही सभी सुविधाएं उपलब्ध साथी सभी टीचर्स एजुकेशन डिग्री धारी है जितेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी कोशिश है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेहतर शिक्षा मिल सके

## राजाभोज वाटिका मैरिज गार्डन में बेहतरीन व्यवस्था



**भोपाल।** दामाखेड़ा जगदीशपुर रोड स्थित राजा भोज वाटिका पर शादियों के लिए एक बेहतरीन मैरिज गार्डन है राजा भोज वाटिका की व संचालक सचिन गुप्ता ने बताया कि राजा भोज वाटिका में 10 एयर कूल्ड कमरे हैं स्टेज एवं अन्य डेकोरेशन उनके द्वारा प्रोवाइड किया जाता है साथ कैटरिंग के लिए सारी व्यवस्था भी की जाती है

## हाईटेक स्कूल पर बेहतरीन शिक्षा

**भोपाल।** ग्राम अरवलिया में हाईटेक स्कूल बेहतरीन शिक्षा देने का प्रयास कर रहा है 3 साल पहले शुरू किए इस स्कूल में कक्षा आठवीं तक शिक्षा उपलब्ध है स्कूल के पास स्वयं का 3 मंजिल बिल्डिंग है जिसमें सभी कक्ष सुसज्जित है स्कूल संचालक रोहित साहू ने बताया कि उनकी कोशिश है कि ग्रामीण क्षेत्र में भी बेहतर शिक्षा बच्चों को मिले ताकि उनको अच्छी शिक्षा के लिए शहरों की ओर ना भागना पड़े भवन के साथ ही यहां पर अच्छे टीचरों की भी व्यवस्था है

# गुरुद्वारा टीटी नगर में श्रद्धा भक्ति के साथ में मनाया जा रहा बैसाखी पर्व

## बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहब के चरणो में माथा टेका, सजा विशेष कीर्तन प्रवचन दरबार

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

गुरु गोविंद सिंह ने सन 1699 बैसाखी के दिनके दिन खालसा पंथ की स्थापना की थी। आज को मुख्य कार्यक्रम गुरुद्वारा टीटी नगर में सुबह 7 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक चलेगा। सभी गुरुद्वारों की संगत के सहयोग से श्रद्धा भक्ति एवं धूमधाम के साथ विशेष कीर्तन दरबार प्रवचन दरबार सजेगा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहब के चरणो में माथा टेका।

रागी जत्थे कीर्तन प्रवचन के द्वारा संगत को निहाल कर दिया और सभी देशवासियों को बैसाखी के पावन पर्व की बधाई दी। श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने पंच प्यारे सजाए थे। फिर उनसे खुद पांच प्यारों से श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने अमृत छका और दुनिया में मिसाल कायम की वाहो वाहो गुरु गोबिंद सिंह आपे गुरु चेला हां खालसा मेरो रूप है खास, खालसे मैं मै करूं निवास। समाजसेवी गुरचरण सिंह अरोड़ा ने बताया कि इस अवसर पर सिख पंथ के महान रागी जत्था भाई सरबजीत सिंह जी कपूरथला पंजाब एवं भाई संदीप सिंह जी नूरपुरी पंजाब कथा वाचक भाई मनदीप सिंह जी मुरीद संगरूर पंजाब एवं हजूरी रागी जत्था भाई जरनैल सिंह जी आपने कीर्तन प्रवचन के द्वारा संगत को निहाल कर दिया। रागी जत्थे ने कीर्तन में कहां पीओ पोहल खंडे धार, होय जन्म सोहेला, एवं कीर्तन में कहां जिसके सिर ऊपर तू स्वामी सो दुख कैसा पावे।



# मानस भावन में कल आयोजित कार्यक्रम में जुटेंगे पिछड़ा वर्ग जनप्रतिनिधि



**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अपनी 15 माह की अल्पकालीन सरकार में यादव समाज एवं पिछड़े वर्ग के लिए अनेक हितेषी कार्य किए देश के लगभग सभी राज्यों में पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण मिलता है लेकिन मध्यप्रदेश में सिर्फ 14 प्रतिशत ही आरक्षण मिलता था जिसे कमलनाथ ने 14 से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया था।

अपेक्स बैंक के समन्वय हॉल का नाम बदल कर स्व. सुभाष यादव भवन किया एवं यादव समाज के लिए राजधानी भोपाल में जगह भी आरक्षित की थी । इसीलिए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के मुख्य आतिथ्य में यादव: समाज भोपाल के मानस भवन में 15 अप्रैल को प्रांत स्तरीय जनप्रतिनिधि सम्मेलन आयोजित करने जा रही है। उक्त बात मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं यादव समाज के राष्ट्रीय महासचिव दामोदर सिंह यादव ने पत्रकार वार्ता में कहीं। यादव ने सम्मेलन के बारे में जानकारी देते हुए पत्रकारों को बताया कि प्रदेश भर से हजारों की संख्या में सरपंच, जिला पंचायत सदस्य एवं पार्षद, अध्यक्ष गण सहित विधायक, पूर्व विधायक सहित जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में जुटेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व पीसीसी चीफ अरुण यादव करेंगे।

## पंकज चतुर्वेदी को पितृशोक

भोपाल। प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी के पिता श्री राजेंद्र नाथ चतुर्वेदी का आज दोपहर दैवलोक गमन हो गया। भाजपा नेताओं, पत्रकारों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# मंडल पदाधिकारियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण किए



**भोपाल।** मंडल अध्यक्ष कैलाश गौर के नेतृत्व में आयोजित सभा को प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों ने संबोधित कर मंडल पदाधिकारियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरण किया। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा भानपुर मंडल की सभा को मोर्चा के प्रदेश महामंत्री संजय राय, मोर्चा प्रदेश मंत्री दीपक नरवरिया, भाजपा वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष एवं मोर्चा भोपाल जिला प्रभारी सतीश विश्वकर्मा, मोर्चा जिला अध्यक्ष गीता प्रसाद माली, मोर्चा प्रदेश सह कार्यालय मंत्री दीपक रजक, मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एवं गोविंदपुरा विधानसभा प्रभारी राम मीणा, मोर्चा जिला मंत्री एवं गोविंदपुरा विधानसभा सह प्रभारी संतोष जाट ने संबोधित करते हुए कहा की महात्मा ज्योतिबा फुले वंचित समाज के उत्थान के लिए समर्पित महान समाज सुधारक थे एवं गांव-गांव, घर-घर चलो अभियान की जानकारी दी। स्वागत भाषण मोर्चा भानपुर मंडल अध्यक्ष कैलाश गौर ने दी। कार्यक्रम का संचालन भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भोपाल जिला प्रभारी बालिस्ता रावत ने की एवं आभार भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नर्बदा प्रसाद सचान ने की। कार्यक्रम में मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जीतेंद्र चंद्रवंशी, मोर्चा शोसल जिला मीडिया प्रभारी रोमी साहू, मोर्चा महिला टोली जिला प्रभारी सपना पटेल, बलराम रजक, बीएस मरमट, मोर्चा मंडल पदाधिकारी नारायण सिंह चंदेल, पुरुषोत्तम चौरसिया, रामदयाल धाकड़, किशनलाल चौरसिया, सुशील चौरसिया, दिव्या पटेल, मोहन चौकसे, नारायण चिड़ार, दीनदयाल राठौर, राधेश्याम शिवहरे, कंछेदीलाल साहू, अक्षयवर सिंह ठाकुर एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# आईआईएसईआर के शोधकर्ताओं की विकसित विधि सक्षम



**भोपाल।** भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल के शोधकर्ताओं ने डॉ. अभिजीत पात्रा के मार्गदर्शन में मोलेक्युलर सेपरेशन के लिए पोरस मेंब्रेन बनाने के मामले में बड़ी कामयाबी दर्ज की है। शोधकर्ताओं ने एक अभिनव प्रक्रिया विकसित की है जिससे फ्री-स्टैंडिंग क्रिस्टलीन नैनोपोरस ऑर्गेनिक फिल्में तैयार की जा सकती हैं जो पानी से जहरीले आर्गेनिक सूक्ष्म प्रदूषकों को अलग करने में सक्षम होंगी।अध्ययन के विवरण जाने-माने जर्नल एंजवेन्डे चेमी में प्रकाशित किए गए हैं। यह शोध पत्र डॉ. अभिजीत पात्रा, एसोसिएट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग, आईआईएसईआर भोपाल और उनके शोध विद्वान श्री अर्कप्रभा गिरी, श्री जी श्री राज और श्री तापस कुमार दत्ता ने मिल कर तैयार किया है।

उद्योग जगत में विभिन्न पदार्थों को अलग-अलग करने और शुद्ध करने के लिए मेम्ब्रेन सेपरेशन तकनीक का काफी चलन रहा है। इसके लिए आम तौर पर पोरस मटीरियल्स से मेंब्रेन बनाए जाते हैं। ये मेंब्रेन कितने कारगर होंगे यह निर्धारित करने में इनके छिद्रों का आकार एक महत्वपूर्ण पहलू है। इसलिए वैज्ञानिक वर्षों से विभिन्न प्रकार के पोरस मटीरियल्स पर शोध करते रहे हैं। हाल ही में को वैलेंट आर्गेनिक फ्रेमवर्क (सीओएफ) मेंब्रेन के माध्यम से सेपरेशन की बड़ी संभावना बन कर सामने आया है। सीओएफ दो आयामी या तीन आयामी क्रिस्टलीन पोरस आर्गेनिक पॉलीमर हैं जो अन्य पोरस मटीरियल्स की तुलना में विशिष्ट लाभदायक हैं क्योंकि उनकी संरचना और कार्यों की सटीक रूपरेखा सुनिश्चित की जा सकती है। हल्के वजन के इन मटीरियल्स में काफी ताप-स्थिरता है और ये हमेशा पोरस रहते हैं। इसलिए मेंब्रेन के माध्यम से पृथक्करण के लिए उत्कृष्ट विकल्प बनकर सामने आए हैं।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में हुई प्रदेश स्तरीय डिजिटल पेमेंट कार्यशाला


सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित बावड़िया कला स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ई.एम.आर.एस.) में 3 दिवसीय प्रदेश स्तरीय डिजिटल पेमेंट कार्यशाला हुई। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के 63 ई.एम.आर.एस. के 126 प्राचार्य और लेखापालों ने भाग लिया। उन्हें सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा तैयार किए गए डिजिटल पेमेंट पोर्टल डिजि-एफएमएस का प्रशिक्षण दिया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 से प्रारंभ की गई इस डिजिटल पेमेंट व्यवस्था के लिए प्राचार्यों और लेखापालों को सेंट्रल बैंक के आई.टी. मैनेजर श्री मयंक गुप्ता और टी.सी.एस. के श्री अनुराग विश्वकर्मा द्वारा हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग दी गई।

उन्हें विद्यालय के सारे खर्च, डैशबोर्ड, विद्यार्थी मद, वेंडर क्रिएशन, पेमेंट क्रिएशन/अप्रूवल, फाइनेंस रिपोर्ट, अलॉटेड बजट और रिपोर्ट आदि से जुड़ी ट्रेनिंग लाइव पोर्टल पर दी गई। अपर आयुक्त जनजातीय कार्य श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों पर निर्देश एवं मार्गदर्शन दिया। प्रतिभागियों को डिजिटल पेमेंट और फाइनेंस से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर तैयार पीपीटी द्वारा विभाग की फाइनेंस कंसल्टेंट सुश्री रूपाली सेन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही उन्होंने प्रश्नों के उत्तर दिए और जिज्ञासाओं के समाधान भी किए। नव-निर्मित विभागीय पोर्टल से जुड़े अन्य तकनीकी पहलुओं पर विभाग के आईटी कंसल्टेंट श्री धीरज चौधरी ने प्रजेंटेशन दिया। सहायक संचालक अनूप हिरवे, प्राचार्य डॉ. यशपाल सिंह, धीरज चौहान और राहुल चौहान उपस्थित रहे।



# साकार हो रहे हैं बाबा साहेब के सपने



**विष्णु दत्त शर्मा**

आज भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती है। समाज किसी की जयंती तभी मनाता है जब उस व्यक्ति ने समष्टि के हित में एक व्यापक दृष्टिकोण के साथ समाज के बारे में चिंतन किया हो अथवा अपने कृतित्व से उसका नर्माण किया हो। बाबा साहेब अंबेडकर जी के जीवन काल पर दृष्टि डालते हैं तो यही ध्यान में आता है कि हर कालखण्ड में कुछ श्रेष्ठ लोग समाज के बीच पैदा होने वाली कुरीतियों, अमानवीय परंपराओं और विघटनकारी ताकतों के विरुद्ध संघर्ष का बिगुल बजाते हैं और प्रेरणा के एक स्थायी पुंज के रूप में वर्षो-वर्ष तक समाज का मार्गदर्शन कर जाते हैं। डॉ. अंबेडकर उन महामानवों में शामिल हैं, जिन्होंने समाज के प्रत्येक अंग को संसाधन और सम्मान दलिाने के लिए अत्यंत विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष किया।

आज दुर्भाग्य से समाज में विघटन की कुचेष्ठा रखने वाले तमाम व्यक्ति और संगठन बाबा साहेब के संघर्ष और दर्शन को नकारात्मक रूप से प्रस्तुत कर समाज में स्थायी रूप से विवादों को जिंदा रखना चाहते हैं। लेकिन संतोष की बात यह है कि आज समाज हर विषय को अध्ययनशीलता और तर्क के आधार पर समझने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। अध्ययन के आधार पर जब बात होती है तो ध्यान में आता है कि हर कालखण्ड में श्रेष्ठ लोग श्रेष्ठ कार्य ही करते हैं और नकारात्मक लोग नकारात्मकता फैलाते हैं। निश्चित ही अंबेडकर जी के कालखण्ड में सामाजकि कुरीतियां भयावह रूप से फैली हुई थीं। अस्पृश्यता और शोषण के साये में अमानवीय व्यवहार सामान्य तौर पर दिखाई देते थे। लेकिन उसी कालखण्ड में भीमराव जी को डॉ भीमराव अंबेडकर बनाने में अपनी उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले श्रेष्ठजनों का योगदान भी विशेष उल्लेखनीय है। भीमराव जी जब बालक थे, तब उनकी प्रतिभा को एक शिक्षक ने पहचाना और उन्हें अपने घर ले गए, पुत्रवत् पालन करते हुए उत्कृष्ट शिक्षा दी, वह शिक्षक निश्चित ही जातिगत संकुचन की दृष्टि से विचार करें तो सामान्य वर्ग से आते थे लेकिन उन्होंने कभी इस बात पर विचार नहीं किया कि भीमराव अन्य किसी समाज से आते हैं। गुरू और शिष्य के संबंध श्रद्धा से इस तरह सरावोर हुए कि शिष्य भीमराव ने स्वतः ही अपने गुरू को अपने नाम के साथ जोड़ा। ऐसी घटनाएं भारतीय सामाजिक समरसता का उत्कृष्टतम उदाहरण हैं। इतना ही नहीं अंबेडकर जी को उच्च शिक्षा के लिए जब विदेश जाना था तो बडोदा राज्य के महाराज सयाजीराव गायकवाड़ ने स्वयं आगे आकर उन्हें कोलंबिया यूनिवर्सिटी भेजने की सारी आर्थिक व्यवस्थाएं कीं। अंबेडकर जी जब कोलंबिया से लौटे तो उन्हें बडोदा राज्य के लेजिस्लेटिव अंसेबली का सदस्य बनाया गया। इतना ही नहीं बडोदा राज्य में अनुसूचित जातकि लोगों के चुनाव लड़ने और महिलाओं के अधिकारों को सशक्त करने के दिशा में कानून बनाए गए।



निश्चित ही डॉ भीमराव अंबेडकर जी भारत माता की एक मेधावी संतान के रूप में उभरकर सामने आए और उन्होंने सामाजिक कुरीतियों, भेदभाव के विरुद्ध जबरदस्त बौद्धिक शंखनाद किए लेकिन दुर्भाग्य से कांग्रेस पार्टी और उनकी सरकारों के कारण अपने जीवन काल में 26 उपाधियां प्राप्त करने वाले अंबेडकर जी के नाम पर एक तरफ तो सामाजिक बंटवारे का ताना बाना बुना गया और दूसरी तरफ अंबेडकर जी के व्यक्तित्व को सम्मान देने में भी ओछी हरकतें की गईं। बाबा साहेब जब 1952 में पहला लोकसभा चुनाव लड़े तब उन्हें हराने के लिए नेहरू जी और पूरी कांग्रेस ने पूरे प्रयास किए। 1954 में भी फिर से उन्हें चुनाव हराया गया। कांग्रेस अंबेडकर जी के नाम पर रोटियां तो सेकती रही लेकिन देश को यह जानना जरूरी है कि यदि वे कानून मंत्री बने तो उसका कारण राष्ट्रीय सरकार का गठन था, न कि कांग्रेस की कृपा। कांग्रेस की चलती तो बाबा साहेब कभी सदन में नहीं पहुंच पाते। वे तो अन्य दलों की मदद से बंगाल से राज्यसभा के सदस्य चुने गए।

अंबेडकर जी जो चाहते थे, नेहरू उसी बात का विरोध करते थे। अंबेडकर जी नहीं चाहते थे कि धारा 370 का प्रावधान संविधान में हो। लेकिन नेहरू, शेख अब्दुल्ला और कृष्णा स्वामी जैसे कांग्रेस के नेताओं ने अत्यंत आग्रह किया तब अंबेडकर अस्थायी रूप से इस धारा को जोड़ने पर सहमत हुए। दुर्भाग्य से कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में यह कह दिया कि धारा 370 कभी नहीं हटेगी। अंबेडकर जी देशद्रोह को लेकर कठोरतम कानून के पक्षधर थे लेकिन कांग्रेस है कि घोषणा पत्र में धारा 124 ए हटाने का वचन देती है। स्पष्ट रूप से जहां डॉ अंबेडकर भारत विभाजन के विरुद्ध थे, वहीं कांग्रेस ने भारत विभाजन को स्वीकार किया। कुल मिलाकर अंबेडकर जी ने जो चाहा, कांग्रेस ने उसका उल्टा किया।

अंबेडकर जी के जीवन काल में तो कांग्रेस उनके साथ बुरा बर्ताव करती ही रही, मरणोपरांत भी उस महामानव को सम्मान देने का एक भी काम नहीं किया। जब देश में नेहरू, इंदिरा आदि-आदि को जीवन काल में भारत रत्न दिए जा चुके थे, तब भी संविधान निर्माता की सुध किसी ने नहीं ली। भारतीय जनता पार्टी के सहयोग से जब वीपी सिंह की सरकार बनी तब भाजपा की पहल पर बाबा साहेब को भारत रत्न दिया जा सका। महू की जन्म भूमि हो, नागपुर की दीक्षा भूमि हो, निर्वाण स्थल हो, वह स्थान जहां बाबा साहेब ने विदेश में पढ़ाई की और वह भवन जहां संविधान लिखा गया, उन सभी को तीर्थ बनाने का काम यदि किसी ने किया है तो वह भारतीय जनता पार्टी की सरकारों ने और पार्टी के नेताओं के बाबा साहेब के प्रति आदर भाव ने किया है। सच तो यह है कि वंचित समाज को सम्मान और संसाधन देने के लिए जो संघर्ष बाबा साहेब अंबेडकर जी ने किया, उसी प्रकार का अंत्योदय का विचार पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने प्रतिपादित किया। इन दोनों महापुरुषों का संघर्ष और सिद्धांत देश में लगातार कांग्रेस की सरकार रहने के कारण फलीभूत नहीं हो सका। लेकिन आज यह आनंद की बात है कि देश में और अधिकांश राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकारें हैं और बाबा साहेब तथा दीनदयाल जी ने जैसे समाज का सपना देखा था, उसे साकार करने में पूरी ताकत झोंकी जा रही है। प्रधानमंत्री आवास से लेकर, उजाला, उज्ज्वला, आयुष्मान, राशन, स्टार्टअप, स्टैण्डअप ऐसी अनगिनत योजनाएं हैं, जो सबको सम्मान और संसाधन देने की दिशा में सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रही हैं। हमारी सरकारों के यह प्रयास ही बाबा साहेब के श्रीचरणों में सच्ची श्रद्धांजलि है।

**- लेखक भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं।**

### 21 मई से शुरू होंगी हवाई जहाज से तीर्थ यात्रा यात्राएं

# मथुरा-वृंदावन, प्रयागराज, शिर्डी की उड़ान भरेंगे मप्र के बुजुर्ग

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिसंबर में की थी बुजुर्गों को हवाई जहाज से तीर्थ यात्रा कराने की घोषणा**

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**



चुनावी वर्ष में मध्य प्रदेश सरकार 65 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को हवाईजहाज से मथुरा-वृंदावन, प्रयागराज, शिर्डी, गंगासागर की यात्रा कराएगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 29 दिसंबर, 2022 को बुजुर्गों को हवाई जहाज से तीर्थ यात्रा कराने की घोषणा की थी। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग ने गुरुवार को नियम और यात्रा की समय सारणी जारी कर दी है। यात्रा 21 मई से शुरू होकर 17 जुलाई तक चलेगी। राज्य शासन ने 25 जिलों के कलेक्टरों से यात्रा की तैयारी शुरू करने को कहा है। एक जिले से 32 बुजुर्ग यात्रा पर जा सकेंगे। इससे अधिक आवेदन आने पर कम्प्यूटराइज्ड लाटरी निकाली जाएगी। यात्रा के दौरान बुजुर्ग को निजी सहायक ले जाने की अनुमति नहीं रहेगी। हवाई जहाज से यात्रा के लिए एक परिवार से एक ही आवेदन लिया जाएगा। यहां तक कि पति-पत्नी भी एक साथ नहीं जा सकेंगे। वायुयान में 32 यात्रियों की देखरेख के लिए एक अनुरक्षक (सरकारी कर्मचारी) रहेगा। यात्रा के लिए सरकार ने आरआरसीटीसी से अनुबंध किया है।



#### 15 दिन पहले मिलेंगे एयर टिकट

यात्रियों को यात्रा से 15 दिन पहले एयर टिकट जारी किए जाएंगे। उन्हें वायुयान के डिपार्चर टाइम से तीन घंटे पहले हवाई अड्डे पर पहुंचना होगा। यात्रा की पूरी जिम्मेदारी आइआरसीटीसी की होगी, वह तीर्थस्थल पर भोजन, चाय, नाश्ते, हवाई अड्डे से लाने-ले जाने, ठहरने की व्यवस्था करेगा, पर हवाई अड्डा और वायुयान में भोजन या नाश्ता नहीं देगा। यात्रियों को एक दिन में दो मिनरल वाटर की बोतलें मिलेंगी। यात्रियों का चयन जिले के कलेक्टर करेंगे। जिस हवाई अड्डे से यात्रा प्रारंभ होगी, उसी पर वापस छोड़ने का जिम्मा जिला प्रशासन का होगा।

#### अधिक सामान तो खुद दें शुल्क

यात्रियों का चेक इन बैग 15 किलो और हैंड बैग 115 सेंटीमीटर आकार से बड़ा हुआ, तो एयरलाइन अतिरिक्त सामान शुल्क लेगा, जो यात्री को खुद देना पड़ेगा। यात्रा के दौरान यात्रियों को ओरिजनल आधार कार्ड रखना होगा।

## जल संरक्षण पर युवाओं के लिए राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता, समारोहपूर्वक 15 पुरस्कार दिए जाएंगे

**भोपाल।** विश्व में बढ़ते जलसंकट को देखते हुए एक संवेदनशील अभियान की जरूरत है। भविष्य के संकट के लिए युवाओं को इस चेतना से जोड़ने के लिए एक राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। माखनलाल राष्ट्रीय पत्रकारिता व संचार विश्वविद्यालय व प्रहरी फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय व विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। इसके मार्गदर्शक कुलपति प्रोफेसर केजी सुरेश और जल योद्धा पद्मश्री उमाशंकर पांडे हैं। प्रोफेसर सुरेश ने बताया है कि भविष्य की भीषण जल समस्या का सामना आज की युवा पीढ़ी को करना पड़ेगा इसलिए उसे संवेदनशील बनाना जरूरी है। श्री पांडे इस क्षेत्र में अपने अनुभवों का जिक्र करके बताते हैं कि युवा ऊर्जा से पर्यावरण के संकट का समाधान करना आसान होगा। उन्हें इस चुनौती का सामना करने के लिए तैयार करना होगा। प्रतियोगिता में जल और हमारे रोजमर्रा जीवन से संबंधित विषयों पर 2000 शब्दों का निबंध लिखना होगा। अंतिम तिथि 1 मई है। संयोजक प्रो. शिवकुमार विवेक व सहसंयोजक अंकित पांडेय ने बताया कि विद्यार्थी अपने निबंध जलशक्तिएमसीयू एट द रेट जीमेल डॉट कॉम jalshaktimcu@gmail.com पर भेज सकते हैं। प्रथम पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपए तथा द्वितीय में 5100 रुपए नगद दिए जाएंगे। इसके अलावा 2100 रुपए के तीन तृतीय पुरस्कार, 1100 रुपए के पांच चतुर्थ पुरस्कार व 500 रुपए के पांच पंचम पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। ये पुरस्कार एक समारोह में दिए जाएंगे।



**कांग्रेस नेताओं ने आज अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष पहुंचकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर पीसी शर्मा, विभा पटेल, जेपी धनोपिया, संजय गुप्ता, आनंद तारण आदि मौजूद रहे।**

## सीवरेज के कार्य हर हालत में मई तक पूरा करने के निर्देश

**आयुक्त नगरीय प्रशासन ने की रीवा एवं शहडोल संभाग के नगरीय निकायों की समीक्षा**

**भोपाल।** आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भरत यादव ने रीवा में कहा कि सीवरेज के कार्य को हर हालत में मई माह के अंत तक पूरा करें। उन्होंने रीवा एवं शहडोल संभाग के नगरीय निकायों की समीक्षा की। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास ने कहा कि जिन निकायों में अमृत योजना एक एवं दो में पाइप लाइन आदि बिछाने का कार्य शेष है, वहाँ कार्य पूरा होने के बाद ही कायाकल्प योजना की सड़कों का निर्माण प्रारंभ किया जाय। उन्होंने अर्बन ट्रांसपोर्ट के तहत् शहर में ज्यादा से ज्यादा सिटी बसें चलाने के लिये निर्देशित किया। इससे अधिक से अधिक लोगों को आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। अमृत योजना-2 में पार्क एवं तालाबों के किनारे सौन्दर्यीकरण के ज्यादा से ज्यादा कार्य किए जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानकारी लेते हुये आवासों का डीपीआर शीघ्र बना कर शासन को भेजने के निर्देश दिये। शहर में पार्क का निर्माण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहर में सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय। कार्य पूरा होने के बाद उनकी लैब से जॉच कराने के बाद ही भुगतान किया जाय। कार्य सही न होने पर ठेकेदारों के विरूद्ध कार्यवाही की जाय। शहर में पानी की व्यवस्था समुचित रूप से करें। गर्मी के कारण अग्नि दुर्घटनायें रोकने के समुचित उपाय करें। फायर विग्रेड को 24 घंटे पानी भर कर तैयार रखें। आयुक्त ने स्वच्छता सर्वेक्षण के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने यह भी बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण में किस कारण रैंकिंग कम होती है और कैसा काम करने से रैंकिंग बढ़ती है। श्री यादव ने अमानक पॉलीथीन पर चलानी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुये सभी निकायों से प्रगति की जानकारी ली।

जिन निकायों में प्रधानमंत्री आवास की राशि जारी नहीं की गई है उनके सीएमओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। सभी निकायों को सीएम हेल्प लाइन की शिकायतों का निराकरण करके शिकायतों को बंद कराने के निर्देश दिये।

# डॉक्टर अंबेडकर के विचार समरसता मूल्य थे: डेहरिया




**अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विवि भोपाल मेंअंबेडकर के जयंती के उपलक्ष्य में हुआ संगोष्ठी का आयोजन**

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

हिंदी विश्वविद्यालय में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रोफेसर खेम सिंह डेहरिया कुलपति अटल बिहारी वाजपेई हिंदी विश्वविद्यालय ने की। मुख्य वक्ता डॉ मोहन तिवारी तुलसी साहित्य अकादमी, शाश्वत अतिथि डॉ मुकेश मिश्रा निर्देशक दतोपंत ठेगडी संस्थान भोपाल थे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ मोहन तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर असाधारण प्रतिभा के धनी थे उनका मूल रूप से जन्म भारत में समतामूलक संस्कृति का विकास करने के लिए हुआ था। उन्होंने भारत के संविधान में शिल्पकार की भूमिका निभाई आज हम उनको याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने के लिए कृत संकल्प है और आधुनिक भारत की कल्पना उनके आदर्शों के बिना नहीं की जा सकती ,शाश्वत अतिथि डॉ मुकेश मिश्रा ने अपने उद्बोधन में बताया भारत एक भौगोलिक रूप से विशाल देश , साथ ही विभिन्न संस्कृतियों से भरा हुआ देश है डॉक्टर अंबेडकर के विचार समरसता मूल्य थे वह देश में जाति व्यवस्था को खत्म करके एक अग्रिम भारत की कल्पना करते थे और उसी के अनुरूप उन्होंने समरसता का संदेश संविधान ने दिया है।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रोफेसर खेमसिंह डेहरिया कुलपति अटल बिहारी वाजपेई हिंदी विश्वविद्यालय ने अपनी ओजस्वी उद्बोधन में बताया डॉक्टर अंबेडकर अपने विचारों से सिर्फ भारत के ही शिल्पकार नहीं अपितु वैश्विक रूप से समरसता लाने के लिए उनके प्रयासों को कोई भुला नहीं सकता उनके व्यक्तित्व अद्भुत ओजस्विता थी कि वह अपने लेखन और पठन से लोगों को अपना बना लेते थे साथ ही एक अग्नि भारत के रूप में जाति व्यवस्था को खत्म करके समतामूलक भारत की कल्पना उनके द्वारा लिखित संविधान में की गई कार्यक्रम में आभार कुलसचिव जसवंत पटेल ने व्यक्ति किया संयोजक प्रोफेसर राजीव वर्मा संचालन अनीता चौबे, डॉक्टर कमीनी पसीने डॉ गौरव गुप्ता डॉ आशीष नकाशे डॉक्टर भूपेन सुल्लेरे डॉक्टर सविता वागडे एवं समस्त शिक्षक विद्यार्थी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रदेश में उच्च शिक्षण संस्थान राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन में कर रहे बेहतर प्रदर्शनः उच्च शिक्षा मंत्री

**भोपाल।** उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की उच्च शिक्षण संस्थान राष्ट्रीय स्तर पर नैक मूल्यांकन में बेहतर प्रदर्शन कर लगातार अपनी पहचान बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश नई शिक्षा नीति को लागू करके गुणवत्ता उन्नयन की ओर पहल करने वाला देश का अग्रणी राज्य बन गया है। महाविद्यालयों की शिक्षण गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिये एवं देश के बेहतरीन महाविद्यालयों की सूची में शामिल करने के लिये लगातार हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। उच्च शिक्षा में गुणवत्ता के लिये केन्द्रीय स्तर पर स्थापित संस्थान नेशनल एसिसमेंट एण्ड एक्रीडिटेशन काउंसल के साथ राज्य स्तर पर भी स्टेट लेवल नेक सेल संचालित है। मंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य स्तर पर स्थापित संस्था का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा शिक्षण संस्थानों में नैक ग्रेडिंग में वृद्धि करना है। वर्तमान में 120 महाविद्यालय में नैक प्रत्यायन की प्रक्रिया जारी है।

### अंबेडकर जयंती पर मप्र की जेलों में बंद 154 बंदियों को रिहा किया जाएगा

**भोपाल।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश की विभिन्न जेलों से आजीवन कारावास से दंडित 154 बंदी, जिसमें 5 महिलाएं भी सम्मिलित हैं, रिहा किए जाएंगे। इन आजीवन कारावास की सजा से दंडित बंदियों को मध्यप्रदेश शासन, जेल विभाग के आदेश के अंतर्गत सजा में छूट प्रदान की जा रही है। आजीवन कारावास से दंडित बंदियों में बलत्कार, पाक्सो आदि के प्रकरण में दंडित बंदियों को कोई भी माफी प्रदान नहीं की गई है। रिहा किए जा रहे बंदियों को जेल में निरूद्ध रहते हुए कई व्यवसायों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। मंत्री, गृह एवं जेल नरोत्तम मिश्रा ने रिहा होने वाले बंदियों से आवाहन किया है कि वह रिहाई पश्चात अपराध से विरत रहकर अपने परिवार एवं समाज में पुनर्स्थापित होंगे तथा समाज एवं प्रदेश के निर्माण में सहभागी बनेंगे।




## ईवीएम-व्हीव्हीपीएटी को सुरक्षित रखने 53 ईवीएम वेयर हाउसों का निर्माण कार्य पूरा

**भोपाल।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि मध्यप्रदेश में ईवीएम एवं व्हीव्हीपीएटी को सुरक्षित रखने के लिए 51 जिलों में 53 ईवीएम वेयर हाउस का निर्माण किया गया है। इनका उपयोग भी ईवीएम-व्हीव्हीपीएटी के संधारण के लिए किया जा रहा है। भोपाल एवं इंदौर जिले में दो-दो वेयर हाउस बनाए गए हैं। नवीन निवाड़ी जिले की मशीनें टीकमगढ़ जिले के वेयर हाउस में पृथक से संधारित की गई है। वेयर हाउस का निर्माण कार्य पीआईयू द्वारा 220 करोड़ रुपये की लागत से कराया गया है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि मध्यप्रदेश में बनाए गए सभी 53 वेयर हाउसों में सुरक्षा के पुख्ता इंजताम किए गए हैं। आयोग के निर्देशानुसार सभी वेयर हाउस में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही 7 दिन 24 घंटे सेक्शन आर्म्स गार्ड की तैनाती की गई है।

इसके अलावा वेयर हाउस का निरीक्षण करने आए हर एक व्यक्ति का विवरण लॉग बुक में दर्ज किया जाता है। सुरक्षा दल के ड्यूटी की लॉगबुक भी पृथक से संधारित की जाती है। वेयर हाउस को खोलने संबंधी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों को पूर्व से लिखित रूप में उपस्थित होने की सूचना दी जाती है। ईवीएम वेयर हाउस को खोलने एंव बंद कर सील करने की वीडियोग्राफी कराई जाती है। अ साथ ही हर माह कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा भी निरीक्षण किया जाता है।

सम्पादकीय

# मिलेट्री स्टेशन पर फायरिंग

पंजाब में एक तरफ खालिस्तान वाला मामला फिर से गरमाता दिखने लगा है। खालिस्तान के समर्थन में आंदोलन और लोगों को एकत्र करने वाले अमृतपाल सिंह को पुलिस अभी तक ढूंढ नहीं पाई है, इस बीच बठिंडा मिलिट्री स्टेशन पर बुधवार तड़के फायरिंग की घटना हो गई। यह घटना जितनी गंभीर है, उतनी ही रहस्यमय भी साबित हो रही है। सेना के चार जवानों की मौत तो एक बड़ा सदमा है ही, उससे भी बड़ी बात यह है कि इस मिलिट्री स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ऐसे सवाल उठे हैं, जो हमारी सेना की छवि के अनुरूप नहीं लगते।

हालांकि मिलेटी स्टेशन पर फायरिंग की घटना को लेकर शुरू में ही कह दिया गया कि यह कोई आतंकी हमला नहीं है, बाहर से कोई नहीं आया। यही आज तक माना जा रहा है। इसे फ्रैक्ट्रिसाइड यानी भ्रातृहत्या बताया गया। यानी किसी वजह से कोई नाराज सैनिक खुद पर काबू नहीं रखा पाया और गुस्से में फायरिंग कर उसने साथी जवानों की जान ले ली। लेकिन दो दिन पहले इंसास राइफल और उसकी गोलियां गायब हुई थीं, जिनका इस हमले में इस्तेमाल होने की बात कही जा रही है। अगर यह बात सही है तो इसका मतलब यह एक सुनियोजित घटना थी।

यह भी कहा जा रहा है कि हमलावर एक से ज्यादा थे। कुर्ता-पायजामा पहने दो नकाबपोशों को जंगल की ओर भागते देखा भी गया। यह बात भी इस घटना के फ्रैक्ट्रिसाइड होने की संभावना को खंडित करती है। दूसरी बात यह कि जब हमलावरों को पकड़ा नहीं जा सका है और न ही उनकी पहचान हो पाई है तो फिर यह बात दावे से कैसे कही जा सकती है कि इसके पीछे कोई आतंकी साजिश नहीं हो सकती? क्या यह नहीं हो सकता कि सेना से जुड़े एकाध लोगों के माध्यम से इस पूरी साजिश को अंजाम दिया गया हो? क्या ऐसा भी हो सकता है कि जिन हमलावरों को जंगल की ओर भागा माना जा रहा है, वे मौका निकालकर किसी तरह वापस कैंट में आ गए हों।

यदि अभी तक उनकी पहचान नहीं हो पाई है तो एक बार अन्य जवानों में मिल जाने के बाद उन्हें अलग करना मुश्किल होगा। कुछ और भी तथ्य हैं जिनके ठोस जवाब फिलहाल नहीं मिल रहे। कहा जा रहा है कि इंसास राइफलों के लापता होने की रिपोर्ट भी मंगलवार को दर्ज कराई गई, यानि लापता होने के दो दिन बाद। यही नहीं, फायरिंग की घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने में भी असाधारण देरी देखी गई। यह घटना तड़के 4.30 बजे की है, लेकिन पुलिस स्टेशन को इसकी सूचना दोपहर 2.56 बजे दी गई। पुलिस डायरी में इस घटना की पहली एंट्री दिन में 3.03 बजे होना बताई गई है। यह भी संदेह तो पैदा करती ही है।

पंजाब में पहले भी आतंकी हमला हो चुका है। और अब खालिस्तान वाला मामला फिर से उठता दिखने लगा है। इसलिए कहां किसकी सरकार है, यह देखे बिना इस मामले की उच्च स्तरीय जांच होना चाहिए। चूंकि यह देश की सुरक्षा और सेना की छवि से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण मामला है इसलिए इसमें किसी तरह की कयासबाजी नहीं की जानी चाहिए। अनुमानों के आधार पर दावे और खतरनाक साबित हो सकते हैं। उन तमाम पहलुओं को अनदेखा भी नहीं किया जा सकता, जो सोचे जा रहे हैं। स्वाभाविक तौर पर सेना और सरकार दोनों ने इसे काफी गंभीरता से लिया है और इस पूरे प्रकरण के हर पहलू पर बारीकी से जांच करवाई जा रही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि जांच के बाद न केवल सभी सवालों के जवाब मिलेंगे बल्कि सुरक्षा व्यवस्था में आई खामियों को भी दुरुस्त किया जाएगा।

और जहां तक पंजाब सरकार का मामला है, तो उसे अपने सुरक्षा बलों को और अधिक दुरस्त करने होंगे। इंटेलीजेंस टीम को भी दुरस्त करने की जरूरत जान पड़ती है। आतंकवाद का खतरा तो इस राज्य पर मंडराता ही रहता है, पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई भी यहां सक्रिय रहती है। अवैध घुसपैठ को रोकना बड़ी जिम्मेदारी है। हालांकि सीमा पर सेना से लेकर सीमा सुरक्षा बल भी तैनात हैं, लेकिन जो अपने नाम-पता बदलकर राज्य में आ जाते हैं, उनकी पड़ताल भी जरूरी है। केंद्र-राज्य के संबंध कैसे भी हों, संघीय प्रणाली में आंतरिक सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण मसला होता है। इसमें सबको साथ मिलकर काम करना होता है। उम्मीद है, सब कुछ ठीक करने के प्रयास तेज होंगे।

# बापू के अंबेडकर

**ब्रह्मदीप अलूने**

भारत की आज़ादी का इतिहास संघर्षों की कई अनकही कथाओं से भरा पड़ा है, पर यहां समन्वय और साझेदारियों की यादगार और निर्णायक मिसालें भी है। दरअसल भारत की एकता और अखंडता को कायम रखने के लिए डॉ.अंबेडकर और महात्मा गांधी के बीच जो समन्वय और साझेदारी हुई वह अभूतपूर्व और ऐतिहासिक थी। आज जो मजबूत और सफल लोकतांत्रिक भारत हमारे सामने खड़ा है उसकी बुनियाद तैयार करने में डॉ.आम्बेडकर और बापू की बड़ी भूमिका रही।

1929 में बापू और डॉ. भीमराव अंबेडकर पहली बार मिले थे। अपने उन अनुभवों को साझा करते हुए डॉ.अंबेडकर ने कहा,गांधी को हमेशा मैंने एक इंसान की हैसियत से देखा,इसलिए मैं गांधी को अन्य लोगों की तुलना में बेहतर जानता हूं। गांधी की मृत्यु के बाद भी डॉ.अंबेडकर के मन में उनके प्रति गहरा सम्मान रहा। इसी का नतीजा था कि 6 सितंबर 1954 को डॉक्टर अंबेडकर ने नमक पर टैक्स लगाने की भारत सरकार को सलाह दी और इसका नाम गांधी निधि रखने का सुझाव दिया। वो चाहते थे कि इसमें जमा राशि का खर्च दलितों के उत्थान के लिए किया जाए। डॉ.अंबेडकर ने साफ कहा था कि मेरे मन में गांधीजी के प्रति आदर है। आप जानते हैं कि चाहे कुछ भी हो जाए, बापू को पिछड़ी जाति के लोग अपनी जान से भी ज़्यादा प्यारे थे,इसलिए वह स्वर्ग में से भी आशीर्वाद देंगे।

गोलमेज सम्मेलन और पूना पैक्ट के दौरान बापू और डॉ.अंबेडकर की कई मुलाकातें हुई। ऐसा भी नहीं ही कि इन दोनों महानुभावों में वैचारिक मतभेद नहीं रहे। कई बार तो अंबेडकर बापू को प्रतिद्वंदी भी बता देते थे,लेकिन इन सबके बाद भी देश के हित में कैसे मतभेदों को खत्म किया जा सकता है,यह दोनों महान भारतीय संतानों से सीखा जा सकता है। वहीं बापू का अंबेडकर के प्रति असीम प्रेम कई मौकों पर नजर आता है। वह चाहे संविधान समिति के लिए चुन कर आना हो या संविधान लिखने का अवसर मिलना। बापू कल की इच्छा के बिना यह संभव ही नहीं था। यह बात और है कि बापू ने कभी इन बातों का सार्वजनिक स्तर पर जिक्र भी नहीं किया। यह भी दिलचस्प है शासन व्यवस्था के तरीके को लेकर बापू और डॉ.अंबेडकर में गहरे मतभेद थे। अंबेडकर पाश्चात्य शासन व्यवस्था पर आधारित ऐसे समाज का निर्माण करना चाहते थे जहां समानता,स्वतन्त्रता, तथा बन्धुत्व हो तथा प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा का सम्मान किया जा सके। वहीं बापू वैदिक संस्कृति पर आधारित राम राज्य की स्थापना करना चाहते थे। वे अंग्रेजों की न्याय व्यवस्था को ख़ारिज करते थे तथा पंच परमेश्वर पर आधारित न्याय को बेहतर समझते थे। इन सबके बाद भी बापू ने अंबेडकर की चिंत्ताओं और तर्कों पर विश्वास जताया। संविधान निर्माता के रूप में अंबेडकर ने आधुनिक भारत की नींव रखी और इस पर भारत का भविष्य सुनिश्चित कर दिया गया।



डॉ.अंबेडकर यह भली भांति जानते थे कि बापू के आचार,विचार और व्यवहार में उच्च मानवीय मूल्य रहे और वे कभी इस पर समझौता नहीं करते थे। भारी विरोध के बाद भी बापू ने साबरमती आश्रम में सभी जातियों का रहना सुनिश्चित किया और दलित परिवार का विरोध करने वालों को कड़ी नसीहत दी। असहयोग आन्दोलन के रचनात्मक कार्यक्रमों में उन्होंने अस्पृश्यता निवारण को प्रमुखता से रखा था। 1928-29 में बापू ने जो देशव्यापी दौरे किये उसमें उनका मुख्य विषय अपृश्यता निवारण ही था। 7 नवम्बर 1929 को उन्होंने दलित उत्थान के लिए देश का दौरा कार्यक्रम प्रारंभ किया। 9 महिनों में उन्होंने करीब साढ़े बारह हजार मील की लम्बी यात्रा ऐसे इलाकों में की जहां जाना मुश्किल होता था और उन्होनें सवर्णों से सारे पूर्वाग्रह छोड़ने का अनुरोध किया। बापू दलित समुदाय के बीच जाते थे,रहते थे तथा शराब,मांस के परित्याग के साथ कुरीतियां छोड़ने की अपील करते थे।

बापू जाति भेद को पाखंड से जोड़ते थे। वे कहते थे कि हिन्दू धर्म में मुझे कोई भी विधान नहीं मिला कि कोई भी जाति अस्पृश्य है। हिन्दू धर्म कई रूढ़ियों से घिरा है और अस्पृश्यता इसमें बहुत निंदनीय है। इसकी बदौलत कई हजार वर्ष से धर्म के नाम पर पाप किया जा रहा है,इस पाखंड से आपको मुक्त होना पड़ेगा। उन्होंने इस पाखंड के पक्ष में मनु स्मृति के श्लोक का हवाला देने वालों की कड़ी आलोचना करते हुए इसे अर्थहीन बताया। अंबेडकर बापू की इसी स्पष्टता को पसंद करते थे।

सामाजिक निषेधों से अस्तित्व के हाशिये पर रहे करोड़ों दलितों के कल्याण के लिए बाबा आंबेडकर की प्रतिबद्धता मानवीय इतिहास पर प्रभाव डालने वाली एक अमिट दास्तां है। वहीं अनेक विभाजनकारी,विघटनकारी,विनाशकारी सामाजिक ताने बाने से परिपूर्ण और विविधततापूर्ण प्रवृत्ति वाले भारत में सामाजिक न्याय पर आधारित एक महान देश के निर्माण में महात्मा गांधी की भूमिका अतुलनीय है। स्वतंत्र भारत में सामाजिक न्याय के लिये जो राजनीतिक,आर्थिक व सामाजिक प्रयास किये जा रहे है या जो वैधानिक प्रावधान किये गये है। उसका श्रेय बाबा अम्बेडकर को जाता है,लेकिन वास्तव में दलित उत्थान की भावना को स्थापित करने के लिये तथा अंबेडकर को इसकी संविधानिक जिम्मेदारी सौंपने के पीछे बापू की भूमिका रही।

भारत के स्वतन्त्रता आंदोलन के साथ बापू का सामाजिक न्याय को लेकर जन आंदोलन और डॉ.अंबेडकर की सामाजिक न्याय की लड़ाई की घटनाओं में देश की एकता को मजबूत करने के इतने जबरदस्त,साहसी और निर्णायक कोशिशें शामिल है,जो इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। बापू का अपना तरीका था,जो कभी कभी बेहद अड़ियल नजर आता था लेकिन उसमे दूरगामी निहितार्थ छुपे होते थे। वही अंबेडकर सामाजिक असमानता और असम्मान का दंश झेलने के बाद भी अपने राष्ट्र और मिट्टी के प्रति आजीवन निष्ठा से योगदान देते रहे।

अंग्रेजों की कम्युनल अवार्ड की साजिश को विफल करना आसान नहीं था। अंग्रेज इसके जरिए दलित पिछड़ों को पृथक पहचान देना चाहते थे। गांधी ने यरवदा जेल से इसका विरोध किया। 20 सितम्बर 1932 को पूरे भारत में उपवास और प्रार्थना दिवस के रूप में मनाया गया। शान्ति निकेतन में गुरुवर रविन्द्रनाथ टैगौर के काले वस्त्र पहनकर बापू के उपवास के महत्व पर प्रकाश डाला और एक विशाल सभा में जन समूह से आह्वान किया की वे अछूतों उद्धार के कार्य में पूरे मनोयोग से जुट कर अस्पृश्यता निवारण करें।

अछूतों के प्रति भेदभाव को कानून के स्थान पर आध्यात्मिकता से हल करने के बापू के प्रयास को आमजन ने समझा। दलितों के प्रति सम्मान के भाव प्रगट करने के लिए मंदिर,सार्वजनिक स्थल और कुएं खोल दिए गये। इसके साथ ही दलितों के लिए दूसरी निर्वाचन व्यवस्था खोजने के लिए एक संयुक्त सम्मेलन भी आयोजित किया गया। इस उपवास के व्यापक सामाजिक प्रभाव हुए। उपवास ने सारे हिंदू समाज का आत्मिक शुद्धिकरण कर दिया था। बापू ने साफ कर दिया था कि उनके उपवास का प्रमुख उद्देश्य हिंदू अंतःकरण में ठीक ठाक धार्मिक कार्यशीलता उत्पन्न करना था। बापू ने दलित उद्धार के लिए एक फण्ड भी बनाया जिसमे आम जनता दान कर अस्पृश्यता निवारण में उनकी सहयोगी बन जाती।

कम्युनल अवार्ड होने से दलितों में भी पृथक पहचान की भावना मजबूत हो सकती थी जिसके दूरगामी परिणाम बेहद भयावह हो सकते थे,इस बात को बापू ने महसूस कर लिया था। दलित समस्या के राजनीतिक और संवैधानिक समाधान को बापू ने सामाजिक जागृति से जोड़कर न केवल हिन्दुओं के अंग-भंग की आशंकाओं का खत्म किया बल्कि देश की एकता को सशक्त करने का कारगर उपाय भी किया। हिंदू धर्म से दलितों को आरक्षण देने की शुरुआत भी यही से हुई। बापू का मानना था की अस्पृश्यता हिंदूओं की सामाजिक बुराई है और उसका प्रायश्चित भी उन्हें ही करना चाहिए। डॉ.अंबेडकर ने बापू से वैचारिक भिन्नता के बाद भी उनके उद्देश्य की महानता को समझा और देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए अंततः उसे स्वीकार भी कर लिया। बापू और अंबेडकर दोनों तात्कालिक सामाजिक स्थितियों व परिवेश से असंतुष्ट थे। दोनों समाज का नव निर्माण करना चाहते थे। वे साथ चले,सामंजस्य और समन्वय कायम कर एक महान राष्ट्र की बुनियाद रखी। यहीं कारण है कि विविधता से भरा हुआ भारत दुनिया के सबसे सफल लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में अमिट छाप बनाने में कामयाब रहा है।

# अंबेडकर के पंचतीर्थ और पंचनिष्ठा संग भाजपा की लोकतांत्रिक प्रतिष्ठा

**कौशल किशोर चतुर्वेदी**

भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर लोकतांत्रिक भारत में भगवान का दर्जा पा चुके हैं। अंबेडकर के दलित उत्थान के संकल्प पर खरे उतरने का जतन आज भारत का हर राजनैतिक दल कर रहा है। पर भाजपा अपनी अलग लकीर खींचती है और खासियत यह कि वह लकीर सबसे बड़ी होती है। भाजपा जिस तरह से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के मंत्र को सिद्ध करने में जुटी है, ठीक उसी तरह संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के दलित उत्थान के काम में खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित करने का दावा कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंचतीर्थ की संकल्पना को चरितार्थ कर यह साबित कर दिया है। कहने को तो अंबेडकर पर कांग्रेस पूरा दावा करती रही है लेकिन पंचतीर्थ की राह चल भाजपा ने बढ़त हासिल कर ली है। भाजपा ने अंबेडकर से जुड़े पांच स्थानों को पंचतीर्थ का दर्जा देकर उन्हें दैवीय स्वरूप में स्थापित कर दिया है। और अब संगठन की पंचनिष्ठा और एनडीए सरकार के पंचतीर्थ मिलकर भाजपा की लोकतांत्रिक प्रतिष्ठा में चार चांद लगा रहे हैं। भाजपा पर कोई भी राजनैतिक दल कितने भी सवालिया निशान लगाता रहे, लेकिन अंबेडकर के पंचतीर्थ को लेकर भाजपा की सोच के सामने नतमस्तक सभी हैं। आजादी के अमृत महोत्सव में संविधान निर्माता का ऐसा सम्मान निश्चित ही आजाद भारत का सम्मान है। अभी तक दलितों के सम्मान को वोट बैंक की तरह परिभाषित किया जाता था, पर भाजपा ने साबित कर दिया है कि दलित समाज का भरोसा जीतकर वह कमल खिलाने में भरोसा रखती है और इस पर अमल करने का हुनर भी उसमें है।

अब हम जान लें कि यह पंचतीर्थ क्या हैं? दरअसल भारत सरकार द्वारा बाबा साहेब को श्रद्धांजलि देते हुए उनसे जुड़े पाँच स्थानों को पंच तीर्थ के रुप मे विकसित किया जा रहा है। इसमें मध्यप्रदेश का महू जहाँ बाबा साहेब का जन्म हुआ ,उनकी इस जन्म स्थली को तीर्थ के रूप में विकसित किया जा रहा है। दूसरी दीक्षा भूमि नागपुर , तीसरी मुम्बई की इंदुमिल , चौथा लंदन का वह घर जहाँ बाबा साहेब ने रहकर वकालत की शिक्षा ली और पांचवाँ दिल्ली के अलीपुर में वो घर जहाँ बाबा साहेब ने अंतिम सांस ली। अब इन पांच स्थानों यानि पंचतीर्थ के दर्शन कर कोई भी व्यक्ति अंबेडकर के प्रति पूर्ण आस्था जता सकेगा। वर्ष 2022 में अंबेडकर जयंती पर महू में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने डॉ भीमराव अंबेडकर से जुड़े 'पंच-तीर्थ' स्थलों का दर्शन मुफ्त कराने की घोषणा की थी। सरकार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत 'पंच-तीर्थ' स्थलों का दर्शन कराएगी।

अब हम जान लें कि भाजपा की पंचनिष्ठा क्या हैं? भाजपा की पंचनिष्ठा की पहली निष्ठा है राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय एकात्मकता। दूसरी लोकतंत्र, तीसरी सामाजिक आर्थिक विषय पर गांधीवादी दृष्टिकोण, जिससे शोषण मुक्त एवं समता युक्त समाज की स्थापना हो सके, चौथी सकारात्मक पंथनिरपेक्षता अर्थात सर्वधर्म समभाव और पांचवी मूल्यों पर आधारित राजनीति। भाजपा की पंचनिष्ठा पर अन्य विपक्षी राजनैतिक दल खुलकर आरोप लगा सकते हैं लेकिन मोदी सरकार के पंचतीर्थ पर कोई उंगली नहीं उठा सकता। वजह साफ है कि संविधान निर्माता के दलित उत्थान की कसौटी पर सभी खरे साबित होना चाहते हैं। वजह लोकतंत्र में राजनैतिक दलों द्वारा अपना वजूद बनाए रखने में दलित मतदाताओं की बड़ी भूमिका का होना है। हालांकि दलितों के मत पाने के हजारों रास्ते हो सकते हैं लेकिन पंचतीर्थ जैसी सोच वाकई अनूठी है।

संविधान निर्माता के बारे में भी हम जान लें। भीमराव रामजी अंबेडकर (14 अप्रैल, 1891- 6 दिसंबर, 1956), बाबासाहेब नाम से लोकप्रिय हैं। वह भारतीय राजनेता, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री और समाजसुधारक थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों (दलितों) से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मन्त्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे। 14 अप्रैल, 1891 को मध्यप्रदेश के महू में जन्म हुआ था और 6 दिसम्बर 1956 को अंबेडकर का महापरिनिर्वाण नींद में दिल्ली में उनके घर में हुआ था। तब उनकी आयु 64 वर्ष एवं 7 महीने की थी। दिल्ली से विशेष विमान द्वारा उनका पार्थिव शरीर मुंबई में उनके घर राजगृह में लाया गया। 7 दिसंबर को मुंबई में दादर चौपाटी समुद्र तट पर बौद्ध शैली में अंतिम संस्कार किया गया जिसमें उनके लाखों समर्थकों, कार्यकर्ताओं और प्रशंसकों ने भाग लिया था। हर साल 20 लाख से अधिक लोग उनकी जयंती (14 अप्रैल), महापरिनिर्वाण यानी पुण्यतिथि (6 दिसम्बर) और धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस (14 अक्टूबर) को चैत्यभूमि (मुंबई), दीक्षाभूमि (नागपुर) तथा भीम जन्मभूमि (महू) में उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए इकट्ठे होते हैं। अंबेडकर का अनुयायियों को संदेश था शिक्षित बनो, संगठित बनो, संघर्ष करो। तो वर्तमान में लोकतांत्रिक भारत में सभी राजनैतिक दल अंबेडकर के पदचिन्हों पर चलकर संविधान निर्माता की सोच पर अमल कर रहे हैं। आजादी के अमृत महोत्सव में भाजपा भी पंचतीर्थ और पंचनिष्ठा संग लोकतांत्रिक प्रतिष्ठा के शिखर पर आसीन है।

## झूठ बोले कौआ काटेः

# यही तो था बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर का सपना

**रामेन्द्र सिन्हा**

राजस्थान के करौली ज़िले में मगरमच्छ के जबड़े से एक लाठी के बूते चंबल नदी में कूद कर अपने पति को हाल ही में जिंदा बचाने वाली विमल के साहस को सब सलाम कर रहे। टेसी थॉमस भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में मिसाइल वुमन के नाम से मशहूर हैं। कैप्टन शिवा चौहान दुनिया की सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में ऑपरेशनल रूप से तैनात होने वाली पहली महिला अधिकारी बन गईं। फिर, खेल हो या राजनीति या और कोई क्षेत्र बेटियां अलग-अलग रूपों में अपनी जिम्मेदारी निभा रही हैंज् यही तो था बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का सपना, जिनका जन्मदिन है आज!

भारत के संविधान निर्माता और प्रख्यात समाज सुधारक डॉ. अम्बेडकर का मानना था कि सही मायने में प्रजातंत्र तब आएगा जब महिलाओं को पैतृक संपत्ति में बराबरी का हिस्सा मिलेगा और उन्हें पुरुषों के समान अधिकार दिए जाएंगे। उनका दृढ़ विश्वास था कि महिलाओं की उन्नति तभी संभव होगी जब उन्हें घर-परिवार और समाज में बराबरी का दर्जा मिलेगा। शिक्षा और आर्थिक तरक्की उन्हें सामाजिक बराबरी दिलाने में मदद करेगी।

डॉ. अम्बेडकर का सपना सन् 2005 में तब साकार हुआ जब संयुक्त हिंदू परिवार में पुत्री को भी पुत्र के समान कानूनी रूप से बराबर का भागीदार माना गया। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि पुत्री विवाहित है या अविवाहित। हर लड़की को लड़के के ही समान सारे अधिकार प्राप्त हैं। संयुक्त परिवार की संपत्ति का विभाजन होने पर पुत्री को भी पुत्र के समान बराबर का हिस्सा मिलेगा चाहे वो कहीं भी हो। इस तरह महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में डॉ.अम्बेडकर ने बहुत सराहनीय काम किया। हिंदू विवाह कानून, हिंदू उत्तराधिकार कानून और हिंदू गुजारा एवं गोद लेने संबंधी कानून उन्हीं का सपना था। वयस्क मताधिकार भी डॉ. अम्बेडकर का ही विचार था जिसके लिए उन्होंने 1928 में साइमन कमिशन से लेकर बाद तक लड़ाई लड़ी।

डॉ. अम्बेडकर ने न्यूयार्क में पढ़ाई के दौरान अपने पिता के एक करीबी मित्र को लिख कर कहा था कि बहुत जल्द भारत प्रगति की दिशा स्वयं तय करेगा, लेकिन इस चुनौती को पूरा करने से पहले हमें भारत की स्त्रियों की शिक्षा की दिशा में सकारात्मक कदम उठाने होंगे। उन्होंने 'मूकनायक' व 'बहिष्कृत भारत' इत्यादि समाचार-पत्रों के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया।

उनका मानना था कि एक पिता का सबसे पहला काम अपने घर की स्त्रियों को शिक्षा से वंचित न रखने के संबंध में होना चाहिए। शादी के बाद महिलाएं गुलाम की तरह महसूस करती हैं, इसका सबसे बड़ा कारण निरक्षरता है। यदि स्त्रियां शिक्षित हो जाएं तो उन्हें ये कभी महसूस नहीं होगा।




झूठ बोले कौआ काटेः किसी भी देश में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और जागरूकता उस देश के विकास का सूचक माना जाता है। इसी जागरूकता के चलते, उत्तराखंड में 20 साल की लंबी प्रतीक्षा, नेताओं, अफसरों से लगाई गई लगातार गुहार जब काम नहीं आई तो बागेश्वर के कांडा क्षेत्र के भंडारीगांव की महिलाओं ने खुद सड़क बनाने की ठान ली। महिलाओं ने सड़क बनाने के लिए फावड़े बेलचे उठा लिए, और जुट गई अपने पसीने से सड़क सींचने में। पुरुषों ने भी पूरा साथ दिया। ऐसे में विधायक जी को तो जागना ही था। उन्होंने अब सड़क बनवाने का भरोसा दिया है।

साल 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की शुरुआत की थी। इस पहल पर ही बड़ी संख्या में छोटे शहरों और गांवों की लड़कियां पढ़-लिखकर देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वे विदेशों में पढ़कर नौकरी नहीं, अपने गांव का सुधार करना चाहती हैं। अब सिर्फ अध्यापिका, नर्स, बैंकों की नौकरी, डॉक्टर आदि बनना ही लड़कियों के क्षेत्र नहीं रहे, वे अन्य क्षेत्रों में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं।

वे उन क्षेत्रों में जा रही हैं, जहां उनके जाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। वे टैक्सी, बस, ट्रक से लेकर जेट तक चला-उड़ा रही हैं। सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा कर रही है। अपने दम पर व्यवसायी बन रही हैं। होटलों की मालिक हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लाखों रुपये की नौकरी छोड़कर स्टार्टअप शुरू कर रही हैं। सिटी इंडेक्स की रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में अरबपती महिलाओं के मामले में भारत पांचवें स्थान पर है। पहले पर अमेरिका और दूसरे स्थान पर चीन बरकरार है।

मुंबई का माटुंगा स्टेशन भारत का ऐसा पहला स्टेशन है जहां सारी महिला कर्मचारी हैं, चाहे वाणिज्य विभाग हो, रेलवे पुलिस हो, टिकट चेकिंग हो, उद्घोषणा हो, प्वाइंट कर्मी हो, पूरा 40 से भी अधिक महिलाओं का स्टाफ है।

मोदी सरकार ने महिलाओं को सशक्त करने के लिए मातृत्व अवकाश को 12 हफ्तों से बढ़ाकर 26 हफ्ते किया, वर्क प्लेस पर महिलाओं की सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाए। बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों पर फांसी जैसी सजा का प्रावधान किया। सैनिक स्कूलों में बेटियों के दाखिले की शुरुआत हुई। पीएम मोदी की पहल से पहली बार देश को महिला आदिवासी राष्ट्रपति मिली है।

बोले तो, वैदिक काल में महिलाओं को पुरुषों के बराबर के अधिकार प्राप्त थे, लेकिन उत्तर वैदिक काल में महिला की स्थिति में गिरावट आई और मध्यकाल में सती प्रथा, बाल विवाह, कन्या वध जैसी बुराइयां महिला समाज में पैदा हुई। महिलाओं की इस समस्या को देखते हुए इस उद्देश्य के लिए डॉ. अम्बेडकर बम्बई एसेंबली में प्रसूति अवकाश जैसे अनेक सुधार लेकर आए। उन्होंने भारतीय संविधान की रचना करते समय इस बात पर बल दिया कि महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार मिलें।

आज भी, यदाकदा-यहांवहां नारी अस्मिता और सम्मान को चुनौती देने वाली घटनाएं हमारे समाज में व्याप्त दूषित सोच एवं विकृत मानसिकता को भी उजागर करती रहती हैं। आखिर, ऐसे कौन से कारण है जिन से कोई किशोर या प्रौढ़ अपनी मानमर्यादा व आचारविचार छोड़ कर दुष्कर्म जैसा कुकृत्य कर बैठता है? दरअसल, औरत की अस्मिता छीन कर उसे निरीह बनाने की निकृष्ट सोच को रोकने के लिए सख्त कानून बनाने के अतिरिक्त सोच बदलने की भी जरूरत है। जब महिलाओं के खिलाफ हिंसा समाज की देन है तो इसके लिए सबसे पहले समाज को सोचना एवं पहल करना होगा। कानून के बल पर स्थितियां नही बदल सकती हैं। समाज को ठीक करने में कानून मददगार हो सकता है लेकिन इस पर पूरी तरह रोक नही लगा सकता है।

डॉ. अम्बेडकर ने भी आधुनिक भारत की नींव रखते हुए भारतीय संविधान में महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता के सिद्धांतों को शामिल किया था जो महिलाओं की गरिमा को बहाल करने की दिशा में अम्बेडकर के दर्शन को दिखाता है।

और ये भी गजबः क्या आपको मालूम है कि सबरीमाला, ट्रिपल तलाक जैसी घटनाओं की वजह से 'नारी शक्ति' को सन् 2018 में ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी शामिल किया गया या़। यह पहचान दिलाने में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और मध्यप्रदेश ने सबसे ज्यादा योगदान दिया।

गूगल ट्रेंड्स के मुताबिक इन राज्यों में नारी शक्ति शब्द गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च किया गया। लेकिन इन राज्यों में ही महिलाओं के खिलाफ अपराध से जुड़े सबसे ज्यादा मामले दर्ज किए गए थे। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस की डिजिटल मार्केटिंग हेड स्वाति नंदा के अनुसार, कई शब्द नारी शक्ति की तुलना में गूगल पर ज्यादा सर्च किए गए। लेकिन सबरीमाला, ट्रिपल तलाक जैसी घटनाओं की वजह से इस शब्द को मजबूती देने के लिए जूरी सदस्यों ने इसे 2018 का हिंदी शब्द चुना।

डिक्शनरी में शामिल होने के लिए 1050 शब्दों की एंट्री हुई थी, जिसमें से 50 शब्द छांटकर पैनल के सामने रखे गए। इसमें गठबंधन, आयुष्मान, गोत्र, प्रदूषण, पर्यावरण जैसे शब्दों ने नारी शक्ति को कड़ी टक्कर दी थी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## प्राइवेट स्कूल संचालकों को कलेक्टर का चेतावनी पत्र

शिवपुरी - जिले के प्राइवेट स्कूल संचालकों की मनमानी के खिलाफ जिला दंडाधिकारी रविन्द्र चौधरी ने एक चेतावनी पत्र जारी किया है। दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 (1)(2) के तहत स्कूल संचालकों पुस्तक प्रकाशकों एवं विक्रेताओं का एकाधिकार समाप्त कर दिया है। अगर इसका उल्लंघन किया गया तो कार्यवाही सुनिश्चित है। कलेक्टर चौधरी ने एक आदेश जारी किया है कि लगातार पालको और विभिन्न प्रकार के संगठन और मीडिया से यह जानकारी मिल रही थी कि प्राइवेट स्कूल संचालक मनमानी कर रहे है। वह स्टूडेंट और उनके अभिभावकों पर निर्धारित दुकान से किताबें,कॉपियां,यूनिफॉर्म और जूते सहित अन्य सामग्री खरीदने का दबाव बनाते है,व्यापारियों और स्कूल संचालकों के बीच इस सांठगांठ से स्टूडेंट और उनके पेरेंट्स पर आर्थिक बोझ बढ रहा था और यह एक शोषण की श्रेणी में आता है, स्कूल संचालक सामान विक्रेता से स्कूल संख्या छात्र के हिसाब से कमीशन तय कर लेते थे। अब कोई स्कूल संचालक किसी भी पालक को एक ही दुकान से बच्चो की किताब यूनिफार्म सहित अन्य सामग्री खरीदने का मजबूर नहीं कर सकता। साथ में जिस छात्र को सेट नहीं खरीदना कुछ पुस्तके ही खरीदनी है तो दुकानदार को देनी होगी,वो पूरा सेट खरीदने को बाध्य नहीं कर सकता है।

## चोरी के विरुद्ध सराफा संघ ने सौंपा ज्ञापन

शहडोल 7 विगत दिनों जिले मे हुई चोरी की घटना को लेकर आज सराफा संघ शहडोल द्वारा जिले के पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौपा गया आपको बता दे विगत दिनों जिले के न्यू पायल ज्वेलर्स मे अज्ञात महिलाओ द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था जिससे सराफा संघ द्वारा इनके विरुद्ध थाने मे शिकायत के साथ जिले के पुलिस अधीक्षक को आज ज्ञापन सौपाकर कार्यवाही की मांग की गई है वही ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि पूर्ण घटना अज्ञात महिलाओं द्वारा अंजाम दी गई है जिसमें 800 ग्राम सोना का टॉप्स चोरी किया गया है यह जानकारी रात को सामान का मिलान करते समय लगी जिसकी सीसीटीवी फुटेज थाना मे उपलब्ध करा डी गई है उक्त महिलाओ के विरुद्ध थाना में प्रकरण पंजीबद्ध है कृपया तत्काल कार्यवाही करवाई जावे और महिला गिरोह से सामान वापस दिलवाया जावे।

## यंग इंडिया बोल बनेगा युवाओं का सबसे बड़ा मंच अनुपम गौतम

शहडोल 7 युवा कांग्रेस द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन कर जानकारी दी गई कि कांग्रेस द्वारा युवाओं की आवाज को यंग इंडिया बोल मंच के माध्यम से राजनीति में एक नया मंच प्रदान करेगी इसमें महानगर से लेकर सुदूर गांव तक हर वर्ग का व्यक्ति युवा राजनीति के मंच को प्राप्त कर सकता हैं तो वहीं मंच को साझा करते हुए श्रेया खंडेलवाल द्वारा बताया गया कि चयनित प्रतिभागियो को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता राज्य के राजधानी मे आयोजित कर प्रतिभागीयों मे से विजय हासिल करने वाले को केंद्र स्तरीय प्रतियोगिता फाइनल दिल्ली में आयोजित की जाएगी और विजय प्रतिभागी को युवा कांग्रेस प्रवक्ता के रूप में चयनित किया जाएगा उक्त कार्यक्रम में युवा कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य मेला आयोजित, 408 नागरिकों की जांच एवं उपचार

नर्मदापुरम। भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशानुसार को आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वास्थ्य मेला का आयोजन प्रत्येक शहरी स्वास्थ्य संस्था, उप स्वास्थ्य केंद्र, पीएचसी में किया जाना है, सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार ने बताया कि 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती शासकीय अवकाश होने के कारण आज 13 अप्रैल गुरुवार को नर्मदापुरम जिले की समस्त शासकीय संस्था संस्था यूपीएससी मालाखेड़ी, यूपीएससी ग्वालटोली, नाला मोहल्ला इटारसी, यूपीएससी पुरानी इटारसी में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें निम्नलिखित गतिविधि आयोजित की गई, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर आयुष्मान भारत एवं वैलनेस दिवस का आयोजन किया गया एवं उपलब्ध सुविधाओं पर चर्चा की गई,पूर्व में छोटे बच्चों का टीकाकरण कराया गया। एनसीडी स्क्रीन के तहत हाइपरटेंशन एवं शुगर जांच, स्वास्थ्य मेले के अंतर्गत की गई परिवार कल्याण के साधनों के बारे में जानकारी दी गई। एपीएम हरिओम मेवाड़ा ने बताया कि 408 नागरिकों ने स्वास्थ्य मेलों में जाकर निशुल्क जांच एवं उपचार कराया।

## रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

नर्मदापुरम। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी भोपाल एम बी ओझा ने मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम के प्रावधानों के तहत दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति मरकाढाना जिला नर्मदापुरम के संचालक मंडल के सदस्यों, पदाधिकारियों एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए सहकारी निरीक्षक श्रीमती कंचन सोनी को रिर्टनिंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। श्री ओझा ने रिटर्निंग अधिकारी को निर्देशित किया है कि वे निर्वाचन के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

## ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी ने दिया मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन

बाड़ी। विगत दिनों.हुई असमय ओलावृष्टि और आँधी तूफान से क्षेत्र की फसलें प्रभावित और बरबाद हो चुका .लेकिन ग्रीष्मकालीन फसल मूँग के लिए ब्लॉक कॉंग्रेस केमेटी ने उदयपुरा विधानसभा विधायक देवेन्द्र पटेल और स्थानीय कॉंग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन में जल संसाधन विभाग से ग्रीष्मकालीन फसल मूँग के लिए पानी की माँग की जिससे हाल ही में फसलों के नुकसान की कुछ तो भरपाई मूँग की फसल समय पर पानी मिलने से लाभकारी हो सके दूसरा ज्ञापन बिजली विभाग को सौंपा।ज्ञापन में माँग की गई कि क्षेत्र में जगह जगह की लाइट फीडर बदहाल स्तिथि में हैं जिन्हें समय पूर्व दुरुस्त करके मूँग की फसल में किसानों को कम से कम आठ दस घंटे तो बिजली मिल सके।

## नव मतदाता चौपाल के दौरान ग्राम पंचायत मुंडारा में नव युवकों ने ली भाजयुमो की सदस्यता



सिवनी– भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार के नेतृत्व में पूरे मध्य प्रदेश में चौपाल के माध्यम से नव मतदाताओं को केंद्र और मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा युवाओं को लेकर बनाई गई योजनाओं के संबंध में पंचायत पंचायत पहुंचकर चौपाल लगाकर शासन की योजना युवाओं तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। इसी क्रम में बरघाट विधानसभा के सुकतरा मंडल की ग्राम पंचायत मुंडारा में आज नव मतदाता चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार द्वारा नई युवा नीति के संबंध में युवाओं को जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर क्षेत्र के लगभग 35 नव मतदाता युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस चौपाल में भाजयुमो जिलाध्यक्ष युवराज सिंह राहंगडाले, भाजपा के मंडल अध्यक्ष मानसिंह सनोदिया, भाजयुमो जिला मंत्री अशोक शरणागत, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमनदीप सिंह भाटिया, भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी क्रम में शाम को सिवनी नगर के दुर्गा चौक में नव मतदाता चौपाल आयोजित की गई। उक्त जानकारी भाजयुमों जिला मीडिया प्रभारी महेन्द्र बघेल ने दी है।

### अलवीरा खान का सुयश



सिवनी– मिशन इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में आज कक्षा छठवीं और सातवीं के परिणामों को स्कूल प्रिंसिपल सुनील सिंह के द्वारा घोषित किया गया जिसमें कक्षा सातवीं ( इंग्लिश मीडियम) में अलवीरा खान ने 99त्न प्राप्त करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं द्वितीय स्थान आदिती हेडाऊ और तृतीय स्थान आरुषि तिवारी ने प्राप्त किया अलवीरा खान ने सभी छह विषयों पर डिक्टेशन प्राप्त किया है वही इंग्लिश विषय और विज्ञान विषय पर 100 में से 100 अंक प्राप्त किए और बाकी सभी सब्जेक्ट में 99, 99 अंक प्राप्त किये ज्ञात हो कि अलवीरा खान गुरुनानक वार्ड की पूर्व पार्षद सबा वाहिद खान की सुपुत्री हैं उनके इस उपलब्धि पर मिशन इंग्लिश हाई सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल सुनील सिंह और अलवीरा की क्लास टीचर आज़मी मैम सहित सभी शिक्षकों ने अलवीरा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मरे हुए मज़दूर ,मजदूरी कर भुगतान भी ले गए

शिवपुरी - जिले की पोहरी जनपद में एक ऐसा मामला सामने आया है जो भ्र्ष्टाचार की एक नई इबारत गढ़ रहा है। यहां दो ऐसे मजदूरों के नाम पर पंचायत सचिव और सरपंच ने मिलकर पेमेंट कर दिया जो तीन साल पहले ही स्वर्ग सिधार गए। हद तो तब हो गई जब स्वर्गवासी ग्रामीण आकर मजदूरी भी कर गए और पैसे भी निकाल ले गए। जानकारी के अनुसार पोहरी जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत भौराना में सरपंच विसंभर बेडिया,सचिव बृजेश शर्मा पर मिली भगत कर ग्राम पंचायत में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत निर्माण कार्यो में मृत्यु उपरांत मृत व्यक्तियों द्वारा मजदूरी का काम कराकर उनका भुगतान निकलने का आरोप लगा है।

शिकायतकर्ता दिनेश जाटव का कहना है कि हमारी ग्राम पंचायत में सचिव ब्रजेश शर्मा एवं सरपंच विसंभर बेड़िया के द्वारा स्वर्गवासी अनेगा बघेल एवं पीतम यादव जिनकी मृत्यु वर्ष 2020 में हो गई थी बावजूद इसके इनके द्वारा ग्राम पंचायत में चल रहे निर्माण कार्यों पर मस्टर रोल क्रमांक 11278. 11285. 14463. 14464. 14898.16812 पर मजदूरी कर पीतम बघेल के खाते में 4896 रुपए एवं अनेगा बघेल के खाते में 4692 रुपए का भुगतान आहरित कर लिया है।

शिकायतकर्ता के द्वारा सीएम हेल्पलाइन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को शिकायती आवेदन देकर जांच कर दोषियों पर सख्त कार्यवाही करने की मांग की है।

जबकि सचिव ब्रजेश शर्मा का कहना है कि यह मामला मेरे से पहले का है। उस समय यहां चार्ज राजेन्द्र जाटव के पास था। अब वह ही इस मामले में कुछ बता पाएगे।

## भ्रष्टाचार , रिश्वतखोरी , अनियमितताओं को लेकर कांग्रेस ने नगर पालिका का घेराव कर पुतला फूंका

### प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं महिलाएं शामिल हुईं



छतरपुर। नगर पालिका द्वारा की जा रही रिश्वतखोरी, कमीशनखोरी घटिया निर्माण के विरोध में आज दोपहर 2 बजे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री मोहम्मद अली भारतीय के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय से नगर पालिका तक रैली निकालकर नारेबाजी की एवं नगर पालिका के सामने सीएमओ और अध्यक्ष का पुतला दहन किया।

प्रदेश महामंत्री मोहम्मद अली भारतीय ने बताया कि नगर पालिका द्वारा जलकर की राशि 80 रुपये से 180 रुपये कर दी। नवीन नल कनेक् शन की राशि 500 से बढ़ाकर 3500 रुपये कर दी है। नगर पालिका द्वारा घटिया निर्माण कराये जा रहे है। उपयंत्री सृजन गुप्ता 18प्रतिशत कमीशन लेकर फर्जी मूल्यंकन कर रहा है। विद्युत उपयंत्री नीतेश चौरसिया कमीशन लेकर फर्जी मूल्यांकन कर रहा है। नौगांव रोड, सागर रोड, पन्ना रोड, महोबा रोड सहित वार्डो में अधिकांश स्ट्रीट लाईट खराब पड़ी जिस कारण रात में अंधेरा रहता है एवं लोगों को परेशानी होती है। भवन निर्माण स्वीकृति में 5000 रुपये की रिश्वत विद्या पटैरिया द्वारा ली जाती है। भवन नामांतरण प्रकरण में राजस्व शाखा मेंलोगों को परेशान कर रिश्वत मांगी जाती है। राशन कार्ड शाखा प्रभारी द्वारा एपीएल राशन कार्ड बनाने के बदले लोगों से 500 रुपये की रिश्वत ली जा रही है। लाड़ली बहना योजना में समग्र आईडी अपडेट कार्य में अंकित खरारे 200 रुपये रिश्वत प्रति अपडेट कार्य मे ले रहा है जो लोग रिश्वत नहीं देते है उन लोगों का काम पेंडिंग हो जाता है और उन्हें परेशान किया जाता है। नगर पालिका की उक्त समस्याओं को लेकर माननीय मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की गयी है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं महिलाएं शामिल हुयीं।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने धार में मृतकों के परिजन को ढाँढस बंधाया और शोक संवेदना व्यक्त की

### मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता दी गई



धार। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आज धार जिले के ग्राम रालामंडल पहुँच कर 10 अप्रैल को हुए हादसे में एक किसान, उनके बेटे सहित दो अन्य लोगों की मृत्यु पर शोक संवेदना व्यक्त कर परिवार को ढाँढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव,धार विधायक श्रीमती नीना वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदारसिंह मेड़ा, पूर्व मंत्री श्रीमती रंजना बघेल, पूर्व विधायक वेलसिंह भूरिया, पूर्व सांसद सावित्री ठाकुर, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, डीआईजी, चंद्रशेखर सोलंकी, पुलिस अधीक्षक मनोज सिंह साथ थे।

धार जिले के रालामंडल में रहने वाले किसान मुन्नालाल 10 अप्रैल की मध्य-रात्रि में अपनी गेहूँ की उपज ट्रेक्टर-ट्राली में भर कर राजगढ़ स्थित कृषि उपज मंडी में बेचने जा रहे थे। तभी सरदारपुर थानांतर्गत आने वाले ग्राम भेरु चौकी-उंडेली फाटा के सामने ट्रॉली से गिर कर गेहूँ सड़क पर बिखर गया, जिसे समेटने के लिए मुन्नालाल ने अपने बेटे को कुछ मजदूरों को लेकर आने को कहा। इस बीच वे अपने पुत्र, भाई और एक अन्य के साथ गेहूँ समेट रहे थे। इसी समय तेज गति से आए आयशर लोडिंग वाहन ने उन सभी को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही गेहूँ इकट्ठा कर रहे मुन्नालाल, लवकुश, नवदीप और अर्जुन की मौके पर ही मौत हो गई थी।

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की राष्ट्रीय बैठक रतलाम में , ग्राहक जागरूकता को लेकर देशभर के पदाधिकारी करेंगे विचार विमर्श

- स्थानीय स्थानीय उत्पाद और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए होगा व्यापक विचार विमर्श
- स्थानीय प्रबुद्धजनों का आयोजन 15 अप्रैल को

रतलाम। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की तीन दिवसीय बैठक की शुरुआत 14 अप्रैल से हो रही है। बैठक में राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी, ग्राहक जागरूकता, स्थानीय उत्पाद और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए व्यापक विचार-विमर्श करेंगे। इसके साथ ही स्वर्ण जयंती उत्सव को लेकर भी रूपरेखा तय की जाएगी। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक को लेकर 2 माह से तैयारियां चल रही थी, जो कि अब अंतिम चरणों में पहुंच चुकी है।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत सह सचिव अनुराग लोखंडे एवं जिला मीडिया प्रभारी हेमंत भट्ट ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 14 अप्रैल को देव श्री गार्डन सागोद रोड पर शुरू होगी। बैठक में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष नारायण भाई शाह, राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबनीस मौजूद रहेंगे। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में देश के सभी प्रांतों से लगभग 200 पदाधिकारी शामिल होंगे। राष्ट्रीय कार्यकारिणी के लिए राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबनीस के नेतृत्व में दो माह से तैयारियां चल रही थी, आयोजन को लेकर विभिन्न समितियां बनाकर उन्हें कार्यभार सौंप दिया गया है। जो कि अंतिम चरणों में पहुंच चुकी है। गुरुवार की शाम को भी श्री सबनीस जिम्मेदारों से जानकारी ली। इस दौरान प्रांत सह सचिव श्री लोखंडे के साथ, राजेश पगारिया, महेंद्र भंडारी, श्याम लालवानी, श्याम धाकड़, कीर्ति जायसवाल, अशोक देवड़ा, कमलेश मोदी सहित अन्य मौजूद थे राष्ट्रीय बैठक में ग्राहकों के हितार्थ विभिन्न विषयों पर चिंतन होगा। स्थानीय उत्पादन एवं व्यापार को बढ़ावा देने के लिए व्यापक विचार विमर्श किया जाएगा। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की स्थापना के स्वर्ण जयंती वर्ष की कार्य योजना बनाई जाएगी। इसके साथ ही इसके साथ ही खाद्य पदार्थों में मिश्रण के लिए शासकीय अनुमति दिए जाने के विचार पर भी चर्चा होगी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के तहत स्थानीय प्रबुद्धजनों को भी आमंत्रित किया गया है, जिनके लिए विशेष सत्र 15 अप्रैल को सुबह 11 बजे आयोजित होगा।

### बागेश्वर धाम में कानून व्यवस्था व सुरक्षा की दृष्टिगत अधिकारी नियुक्त

छतरपुर,। जिला मजिस्ट्रेट संदीप जीआर ने राजनगर के ग्राम गढ़ा में स्थित बागेश्वर धाम में प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को श्रद्धालुओं के आगमन पर भीड़ प्रबंधन एवं कानून व्यवस्था का सुचारू रखने डिप्टी कलेक्टर राहुल सिलाड़िया, सहायक अधिकारी नारायण कोरी नायब तहसीलदार को अधिकृत किया गया है। साथ ही स्थानीय अधिकारियों के समन्वय में स्थापित कर कानून व्यवस्था के साथ-साथ बाजार व्यवस्थापन का कार्य करेंगें तथा दुकानों का निर्माण ज्वलनशील सामग्री यथा प्लास्टिक आदि से न हो देखें। साथ ही निर्मित होम स्टे आदि में आपदा प्रबंधन के पर्याप्त साधन उपलब्ध रहें।

## सुंदर व स्वच्छ नगर बनाने में हो सभी की सहभागिताः सीएमओ



ओबैदुल्लागंज संवाददाता स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सोनाली शर्मा ने अभिनव टीम के साथ स्वयं घर घर सम्पर्क कर नागरिकों की कचरा पृथकीकरण को लेकर जागरूक किया घर घर पहुच कर उन्हें बताया कि किस तरह से हम कचरे को चार तरह से अलग अलग कर के रखे और इसके अलग अलग कर के देने से कैसे इसको निष्पादित किया जाएगा तो नगर की स्वच्छता के लिए प्रत्येक नागरिको की जिम्मेदारी है सभी को इसमे सहभागी बनना होगा तभी हम नगर को साफ स्वच्छ बना सकते है क्योंकि हमारा कचरा हमारी जिम्मेदारी स्वच्छता की है तैयारी इस उद्देश्य से सभी से अपील करते हुए कहा कि हर घर से कचरा अलग अलग कर के ही कचरा गाड़ी में देवे, अपने आस पास सफाई रखे, सिंगल यूज प्लास्टिक पालीथीन का उपयोग ना करें, बाज़ार जाते समय घर से थैला साथ लेके जावे ऐसी आदतों से ही आप ओबेदुल्लागंज को स्वच्छ और सुंदर शहर बना सकते है तथा मौके पर खाली प्लाटों के मालिकों को ऐसे खाली प्लाट जिसमें कचरा और गंदगी पाई जाती है उन् प्लाट मालिकों को नोटिस देने के स्वच्छता प्रभारी सफाई दरोगा को निर्देशित किया गया साथ ही चालानी कार्रवाई करने को कहा वार्ड पार्षदो ने भी वार्ड वासियों को स्वच्छता में अपना सहयोग करने और स्वच्छता को अपनी आदत में लाने की अपील वार्ड वासियों से की तभी हमारा वार्ड ओर शहर साफ और स्वच्छ होगा सम्पर्क के द्वारान सीएमओ श्रीमती सोनाली शर्मा स्वच्छता प्रभारी अखिलेश घावरी, सफाई दरोगा चतर सिंह जितेंद्र,सरसवाल टीम अभिनव से कृष्णकांत राठौर, अनुज सोनी आदि उपस्थित रहे।

## बूथ इकाई मजबूत करने की दिशा में कार्य करे कार्यकर्ता : हितानंद शर्मा



शाजापुर।- हमारी पार्टी की मूल इकाई बूथ है इसलिए बूथ में कार्यकर्ताओ को संजोना समय-समय पर बूथ में बैठकर चिंतन करना तथा निरंतर संवाद व संपर्क करते हुए बूथ को मजबूत करने एवं कार्यविस्तार की रणनीति को योजना के तहत पूर्ण कर लक्ष्य को हासिल करने से समाज में हमारा प्रभाव बढ़ेगा। कार्यकर्ता को बूथ इकाई मजबूत करने की दिशा में कार्य करना होगा।

यह बात भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा ने कही। वे गुरुवार को शाजापुर जिले के प्रवास पर थे। उन्होंने जिले की कलापीपल, शुजालपुर एवम शाजापुर विधानसभा के संचालन समिति की बैठक ली और कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की कड़ी मेहनत और ईमानदारी के कारण देश में बहुत बड़ा बदलाव आया है। हर घर में विभिन्न योजनाओं के हितग्राही हैं, उनसे निरंतर चर्चा करना एवं हितग्राही संपर्क अभियान निरंतर सभी मण्डलों में करने से संगठन का न केवल विस्तार होगा और हमारी कार्य करने की ताकत बढ़ेगी। पार्टी की अनुकूलता के कारण संगठन में नये लोग जुड रहे हैं, उन्हें हम बड़ा दिल करते हुए साथ में लेकर चलें उन्होंने बूथ विस्तारक कार्यक्रम को जमीन में करने की जरूरत बताते हुए कहा कि जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कार्य करने से तथा संगठन के करणीय कार्य को सामने रखकर बूथ के कार्यो को करने से निरंतर सफलता मिलेगी। शाजापुर जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक में संगठन महामंत्री श्री शर्मा ने बूथ सशक्तिकरण अभियान की जानकारी प्रत्येक मंडल से ली एवं कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक नायक, प्रदेश मंत्री क्षितिज भट्ट, विधानसभा आकांक्षी प्रभारी, ललित नागोरी भी मंचासीन थे। बैठक का संचालन विधानसभा संयोजक प्रदीप चंद्रवंशी ने किया तथा आभार जिला महामंत्री दिनेश शर्मा ने माना। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय जोशी ने दी।

## ज्ञापनः कबाड़ माफियाओं ने बिगाड़ा शहर का माहौल, सरगना अनीश कबाड़ी पर कार्यवाही की मांग...

शहडोल 7शहर में चिंदी चिंदी, प्लास्टिक बोतल, शीशी, टीना, लोहा कबाड़ इकट्ठा करने वाले लोगों ने अब आसपास इलाके में सिंडिकेट ग्रुप बनाकर एसईसीएल कालरी खदानों के बेशकीमती कलपुर्जों एवं केमिकल फैक्ट्री सहित बंद पड़े कारखाने की मशीनरी बेचकर खा गए। इन लोगों शहर का माहौल खराब करके रखा हुआ है तो वही बीते दिनों कालरी खदानों की तह तक जाने वाले बेरोज़गारो को बाकायदा सैकड़ों लोगों को नौकरी पर रखा दोनों जिलों के बीच नया ठीहा बनाकर करोड़ों रुपए का वारा-न्यारा कबाड़ के नाम पर कर दिया। इसका बात का पता तब चला जब इस कारोबार के चलते बली बेकसूर नाबालिग बच्चों की चढ़ गई और आनन फानन में पुलिसिया तंत्र सक्रिय हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन चला अंधेरे में लाश निकलने का सिलसिला जो शुरू हुआ तो इलाके में मातम पसर गया और हर कोई बस इतना ही देखना चाहता था कि इन सबके पीछे जिम्मेदार कौन है किसके कहने पर बीते माहों में बंद पड़ी खदान में हजारी लाल कोल, राहुल कोल, कपिल विश्वकर्मा, राजमहतो, रोहित कोल, मनोज बर्मन व राजेश मिश्रा कबाड़ इकट्ठा करने खदानों में घुसे थे हालांकि पुलिस ने यहां मृतकों पर ही कायमी कर जिंदा उस सख्श को बख्श दिया जो कबाड़ माफियाओं का सिंडिकेट चला रहा था अनीश नामक व्यक्ति की जनचर्चाओ का माहौल गर्म था, सूत्रों के हवाले से खबर यह निकलकर सामने आई कि जल्द ही अनीश कबाड़ी को खदानों में हुई मौत मामले में गिरफ्तार किया जाएगा परंतु समय के साथ शायद अवैध कारोबारियों की बंद पड़ी फाइलें धूल खा रही है। बहरहाल इसी मामले में जिले के समाजसेवी और राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि सबी खान बंटी ने जिले का माहौल खराब कर रहे युवाओं को अपराध की दुनिया में ढकेलने से बचाने की दिशा में मोर्चा खोल दिया और जिले की कलेक्टर श्रीमती वंदना वैध को अनीश कबाड़ी पर जिला बदर की कार्यवाही की मांग की है मामले में सांसद प्रतिनिधि सबी खान ने पत्र में लिखा है कि अनीश कबाड़ी पर कोतवाली थाना क्षेत्र में 04, सिंहपुर थाना क्षेत्र में 05 सहित आसपास इलाके में कई दर्ज मामले प्रमाणित करते हैं कि यह व्यक्ति जिले का माहौल बिगाड़ने का काम कर रहा है।

गौरतलब हो कि अब जनता के बीच से ही पनपते अपराध में अंकुश लगाने की मांग अब जनप्रतिनिधियों ने की है लगातार इस मामले में मीडिया की रिपोर्ट बताती है अनीश कबाड़ी ने फर्श से अर्श तक का सफर चोरी चाकरी के दम पर ही किया है अब देखना यह होगा कि मामले में प्रशासन कब तक संज्ञान लेता है।


**कार्यालय थाना प्रभारी**
**थाना हनुमानगंज जिला - भोपाल**

क्रमांक/था.प्र./हनु.गंज / भो / मर्ग क्र. - 10/23 दिनांक 10.04.23

**सूचना**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना हनुमानगंज के मर्ग क्रमांक 10/23 धारा 174 जा.फौ. मे मृतक अज्ञात पुरुष उम्र करीबन - 40 साल निवासी अज्ञात का शव जिसका हुलिया कद करीब 5.10 फिट, सिर पर बाल नही है, मूँछ घनी काली है दाहिने हाँथ मे गुदने से ॠ की आकृति बनी हुई है पहनावा - पीले कलर की शर्ट नीके कलर की जीन्स का पैन्ट, पैरो मे चप्पल पहने था दिनांक 01/03/2023 को कबाडखाना रोड पर बेहोश हालत मे मिला था जिसकी दौराने इलाज हमीदिया अस्पताल भोपाल मे दिनांक 02.03.23 को मृत्यु हो गई है जिसका फोटो उपरोक्तानुसार है। यदि मृत पुरूष या इनके परिजनो के संबंध मे कोई जानकारी हो तो कृपया थाना प्रभारी थाना हनुमानगंज, भोपाल के संपर्क नंबर 9479990603, एवं थाने के संपर्क नंबर 0755-2677323, 7587601742 एवं जाँच अधिकारी के मोबाईल नंबर 7049105699 पर संपर्क करें।

थाना प्रभारी
थाना हनुमानगंज भोपाल (म. प्र.)

जी-11423/23

https://whispersinthecorridors.com



## Todays Headlines

### POLITICS

**One IAS and one IPS in BJP list**

The BJP has fielded former 1987 batch IAS officer B H Anil Kumar and Dr Bhaskar Rao former 1990 batch IPS officer in the Karnataka Vidhan Sabha elections. Tribals, SC and OBC forms Morcha in Madhya PradeshIn Madhya Pradesh a new political outfit is going to challenge the BJP and the Congress in the ensuing Vidhan Sabha elections.

Now the Bhim Sena, JAYAS, Gondwana Gantantra Party and OBC Mahasabha have formed a front against the Congress and the BJP.

### BUREAUCRACY

Arun Sinha is now Chairman NTROCadre of Vaibhav Choudhary transferred to PunjabServices of Keshav Kumar requisitioned by Assam Government Fight between Centre and West Bengal over MGNREGA funds soars up ITS officer's VR accepted File of Justice Srivastava is still lying with LG Delhi Interviews for CMD, BEML on Apr 18 NHIDCL's finance wing facing shortage of officers facing Jai Prakash Dwividi only Board level contender for CMD, WCL R M Bhadang in race for CMD, KRCL Central deputation tenure of Ritvik Ranjanam Pandey extended Divakar Jayant promoted to Senior Administrative Grade Rakesh Kumar Sahay appointed as Director (Fin), BCCL M Venkatachalam appointed as Director (Power), NPCIL Nav Ratna Gupta appointed as Director (Fin), BRC Ranendra Sarma appointed as Director (Tech), NEEPCO Deputation tenure of Shrawan Kumar Verma extended MEA circulates vacancy notification of UNDPVK Singh moved as Director (Coaching), Railway BoardDharmendra Kumar appointed Director (Operations), CRISPSEB advertises vacancy for Director, Operations, DFCCILIIS officers visit BSF Headquarters

### CORPORATE

Dr Dasgupta appointed Ind. Director, PTC India LtdMs Verma appointed Ind. Director, PTC India LtdNarendra Kumar appointed Ind. Director, PTC India LtdMK Gupta appointed Nominee Director, PTC India LtdMs Monteiro appointed Addl. Director, Praxis Home Retail LtdMilind Torawane appointed JMD, GSPLDhananjay Barve appointed NE Director, Imagicaaworld Entertainment Ltd

# वर्धमान समूह ने टिश्यू इंजीनियरिंग सुविधा के लिए एम्स भोपाल को दिए 60 लाख

**भोपाल।** वर्धमान फैब्रिक्स समूह ने टिश्यू इंजीनियरिंग सुविधा के लिए एम्स भोपाल को 60 लाख रुपए की वित्तीय सहायता दी है। इससे मेडिसिन विभाग में एक ऊतक इंजीनियरिंग सुविधा स्थापित की जाएगी। ऊतक इंजीनियरिंग और पुनर्योजी चिकित्सा (टीईआरएम) कोशिकाओं, ऊतकों, या अंगों की मरम्मत, प्रतिस्थापन या पुनऱ्उत्पन्न करने के लिए चिकित्सीय तकनीकों को शामिल करता है। आघात, अपक्षयी रोगों और केंसर के कारण विफल अंगों और ऊतकों के कार्य को बहाल करने के लिए यह सुविधा कॉर्निया के ऊतकों, त्वचा, उपास्थि, तने के विकास की सुविधा प्रदान करेगी। निकट भविष्य में सेल थेरेपी आदि की व्यवस्था भी की जाएगी।



समारोह के दौरान एम्स के निदेशक प्रो. डॉ. अजय सिंह और वर्धमान समूह के प्रमुख अधिकारी श्री एस पाल, निदेशक एमपी, वर्धमान टेक्सटाइल्स लिमिटेड और टी सी गुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक वर्धमान फैब्रिक्स, बुधनी के बीच एक चेक का आदान-प्रदान हुआ। श्री पाल ने इस मौके पर वर्धमान फैब्रिक्स के सीएसआर पहल के क्षेत्र में जानकारी दी। इसके अलावा, प्रो. सिंह ने पुनर्योजी के महत्व पर जोर दिया और स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और पर्यावरण के लिए डॉ नेहा आर्य की पहल की सराहना की। यह भी उल्लेख किया कि एम्स भोपाल वर्धमान की अन्य सीएसआर पहलों में कैसे भाग ले सकता है। ट्रांसलेशनल मेडिसिन विभाग की प्रमुख डॉ. रूपिंदर कौर कंवर ने भूमिका पर प्रकाश डाला। न केवल अंग प्रत्यारोपण के लिए अनिश्चित काल तक प्रतीक्षा कर रहे रोगियों की जरूरतों को पूरा करेगा। इससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सामाजिक न्याय के प्रणेता और भारतीय संविधान के निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें नमन किया।

# मप्र की पहली हाईटेक फ्लोरीकल्चर नर्सरी और एयरोपोनिक्स लेब ग्वालियर में

**भोपाल।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने कहा है कि प्रदेश की पहली हाईटेक फ्लोरीकल्चर नर्सरी और एयरोपोनिक्स लेब की स्थापना ग्वालियर में होगी। लेब का कार्य अगले माह के पहले सप्ताह में शुरू किया जायेगा। किसान-कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, राज्य कृषि विपणन बोर्ड और उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग की संयुक्त कार्य-योजना में सम्मिलित हाईटेक फ्लोरीकल्चर नर्सरी और एयरोपोनिक्स लेब की स्थापना के बारे में मंत्रालय में हुई उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया।



राज्य मंत्री कुशवाह ने कहा कि उद्यानिकी विभाग के प्रस्ताव पर भोपाल में फ्लावर डोम निर्माण को भी जल्द ही शुरू किया जायेगा। इसके लिये कार्य-योजना तैयार की गई है। फ्लावर डोम के लिये मण्डी बोर्ड और उद्यानिकी विभाग के एमआईडीएच कार्यक्रम से 836 लाख रूपये की राशि उपलब्ध कराई जा रही है। कृषि, मण्डी बोर्ड एवं उद्यानिकी और खाद्य प्र-संस्करण विभाग के समन्वय से योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिये कहा गया। राज्य मंत्री कुशवाह ने चेन फेंसिंग योजना को भी जल्द शुरू करने के निर्देश दिये।

कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती वीरा राणा ने कहा कि उद्यानिकी विभाग के अधिकारी कार्यों के प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालयों को भेजने के बाद समय-समय पर प्रगति की जानकारी भी प्राप्त करें। प्रस्तावित कार्यों की स्वीकृति अथवा अन्य किसी स्तर पर कठिनाई पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा कर उसे दूर करें। अपर मुख्य सचिव उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण श्री जे.एन. कंसोटिया ने कहा कि विभागीय कार्यक्रमों को पूरी सजगता के साथ क्रियान्वित करें। उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग की एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और राष्ट्रीय कृषि विकास योजना सहित अन्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई। अपर मुख्य सचिव किसान-कल्याण एवं कृषि विकास अशोक वर्णवाल, एमडी मण्डी बोर्ड श्रीमती जी.व्ही. रश्मि और एमडी एमपी एग्रो संजय गुप्ता उपस्थित थे।

# ट्रूकॉलर ने आईफ़ोन के लिए लाइव कॉलर आई.डी. प्रस्तुत की

## इस बड़े नए अपडेट ने सिरी का उपयोग करने वाले आईफ़ोन पर प्रीमियम अनुभव को बेहतर बनाया

**मुंबई एजेंसी।** दुनिया के प्रमुख वैश्विक दूर-संचार प्लैटफॉर्म, ट्रूकॉलर ने आईफोन पर अपने उत्पाद के लिए महत्वपूर्ण अपडेट पेश करने की घोषणा की है। यह अपडेट नई, रोमांचक सुविधायें प्रदान करता है जो दुनिया भर में आईफ़ोन का उपयोग करनेवाले लोगों के लिए बात-चीत का एक बेहतर और अधिक सुरक्षित संचार अनुभव प्रदान करेगा। लाइव कॉलर आई.डी. का पूर्ण अनुभव अब आईफ़ोन पर पहली बार आया है, जो आपको यह बताने के लिए कि कौन कॉल कर रहा है एक साधारण से सिरी शॉर्टकट का उपयोग करता है। नए अपडेट के बारे में बताते हुए ट्रूकॉलर में भारत के प्रबंध निदेशक, ऋषित झुनझुनवाला ने कहा, ÷हम देख रहे हैं कि आईफ़ोन्स को अधिक से अधिक लोगों के द्वारा अपनाया जा रहा है।

# रांची के पूर्व डीसी और आईएएस ऑफिसर छवि रंजन के आवास पर ईडी का छापा, रडार पर कई अधिकारी

**रांची।** झारखंड में ईडी टीम की दबिश लगातार जारी है. एक ताजा खबर सामने आई है जिसमें ईडी द्वारा राज्य के कई ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है. सूत्रों के अनुसार, प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी रांची के पूर्व डीसी और आईएएस अधिकारी छवि रंजन के अलावे अन्य अंचल अधिकारियों और जमीन दलालों के ठिकानों पर छापा मारा है.यह दूसरा मामला है जब झारखंड कैडर का कोई आईएएस अधिकारी ईडी की जांच के दायरे में आया है। पिछले साल ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल पर छापा मारकर गिरफ्तार किया था। प्रवर्तन निदेशालय ने सेना की जमीन में गड़बड़ी के मामले में रांची के उपायुक्त व आईएएस अधिकारी छवि रंजन के तीन राज्यों में 22 ठिकानों पर गुरुवार को छापेमारी की। झारखंड के अलावा बिहार, बंगाल आदि समेत उनकी पत्नी व उनके कई सहयोगियों के ठिकानों पर देर शाम तक कार्रवाई जारी रही। जमशेदपुर के कदमा स्थित घर में ईडी की टीम को नोट गिनने वाली मशीन मंगवानी पड़ी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल में आईएएस अधिकारी के यहां कई परिसरों की तलाशी ली। 2011-बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी छवि रंजन के करीब 22 ठिकानों पर छापेमारी की गई। छवि रंजन रांची के डिप्टी कमिश्नर रह चुके है। इसके अलावा छवि रंजन के करीबियों के अलावा राज्य सरकार के अन्य अधिकारियों के यहां भी छापेमारी की। आरोप के मुताबिक, रांची में डीसी रहते छवि रंजन ने आदिवासी क्षेत्र के कई भूखंडों की प्रकृति में बड़े पैमाने पर बदलाव कराया था।

# अभिनेता आशीष विद्यार्थी ने युवा छात्रों को समझाया जीवन में सफलता का फलसफा



**भोपाल।** खुद को महत्वपूर्ण मानते हुए सुरक्षित क्षेत्र से बाहर निकालकर हमें अपने लिए स्वर्ण अवसर तलाशने होंगे। सपने देखने और उनको पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़नी चाहिए। सपनों को पूरा करने में सैक्रिफाइज भी करना पड़ता है, इसके लिए भी हमें तैयार रहना चाहिए। इसके लिए दे जिंदगी को जरा और ले जिंदगी से जरा% का मूलमंत्र अपनाना चाहिए। यह सफलता का मंत्र फिल्म अभिनेता आशीष विद्यार्थी ने गुरुवार को रवींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यार्थियों को दिया और उन्हें समझाया कि जीवन में कैसे निरंतर तरक्की के सोपान तय किए जा सकते हैं।

वार्षिकोत्सव के दौरान विशेष मोटिवेशनल सेशन आयोजित किया गया, जिसमें आशीष विद्यार्थी ने छात्रों से इंटरेक्टिव अंदाज में बात करते हुए स्वयं को बेहतर बनाने के कई टिप्स दिए। उन्होंने छात्रों से कहा कि हमें अपने को महत्वपूर्ण मानना चाहिए, क्योंकि जब आप स्वयं को महत्वपूर्ण नहीं मानते तो दुनिया कैसे मानेगी। इसके लिए उन्होंने इट्स माय लाइफ एंड आइ एम अमेजिंग का मूलमंत्र दिया। आइ ड्रीम का मूलमंत्र देते हुए उन्होंने कहा कि मैं सुबह साढ़े चार बजे उठता हूं। एक घंटे बड़ा सपना देखता हूं और फिर उसे पूरा करने के लिए मेहनत करता हूं। यही बात हर व्यक्ति अपनाए तो वह जीवन में अपने सभी सपने जरूर सच कर पाएगा। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे ने आशीष विद्यार्थी को स्मृति चिह्न भेंट किया। इस दौरान आइसेक्ट के निदेशक डा. सिद्धार्थ चतुर्वेदी, प्रो. चांसलर डा. अदिति चतुर्वेदी और वाइस चांसलर डा. ब्रह्मप्रकाश पेठिया समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# इंडियाज़ बेस्ट डांसर सीज़न 3 में अंकिता लोंधे ने न सिर्फ जज सोनाली बेंद्रे को इम्प्रेस किया बल्कि उनसे एक प्यारा नाम भी पाया!

**मुंबई, एजेंसी।** पिछले वीकेंड, दर्शकों ने डांस के एक नए युग की शुरुआत देखी, जहां सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के देसी फॉर्मेट इंडियाज़ बेस्ट डांसर सीजन 3 में देश भर से कंटेस्टेंट्स ने 90 सेकंड में अपने बेहतरीन मूव्स दिखाए। ई.ई.एन.टी. (एंटरटेनमेंट, इमोशन, न्यूनेस और टेक्नीक) स्पेशलिस्ट्स के रूप में जज सोनाली बेंद्रे, टेरेंस लुइस और गीता कपूर विभिन्न शैलियों की परफॉर्मेंस देखकर हैरान रह गए और अब आने वाले वीकेंड में भी वे डांसर्स की धमाकेदार परफॉर्मेंस पर फिदा हो जाएंगे! इस मौके पर पुणेची मुलगी अंकिता लोंधे कान्हा माने ना गाने पर अपने कॉन्टेम्पररी और क्लासिकल डांस के फ्यूजन से जजों को इम्प्रेस कर देंगी। सोनाली बेंद्रे इस कंटेस्टेंट की परफॉर्मेंस से प्रभावित होकर कहेंगी, मला तुझा परफॉर्मेंस खुप आवडला!22 साल की अंकिता ने डांस के लिए कंप्यूटर इंजीनियरिंग की डिग्री छोड़ दी थी।

# पायलट-गहलोत विवाद खत्म करने के लिए कांग्रेस हाईकमान को कमलनाथ से उम्मीद

**नई दिल्ली।** राजस्थान में पंजाब जैसी पराजय को टालने के लिए कांग्रेस नेतृत्व वरिष्ठ नेता और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की मध्यस्थता के जरिए अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच विवाद खत्म किए जाने की उम्मीद कर रहा है. सूत्रों ने एनडीटीवी को बताया कि कमलनाथ ने गुरुवार को दिल्ली में पायलट और पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात की और दोनों गुटों के बीच मतभेदों को सुलझाने के तरीकों पर चर्चा की।



पहले भी सचिन पायलट से कमलनाथ बात करते रहे हैं. बताया जाता है कि कांग्रेस हाईकमान की ओर से अनुशासन को लेकर कार्रवाई कुछ दिनों तक टाल दी गई है. कांग्रेस अध्यक्ष फिलहाल बाहर हैं. सूत्रों के अनुसार कमलनाथ ने कांग्रेस अध्यक्ष तक अपनी बात पहुंचा दी है. इस मामले में बिना गांधी परिवार की सलाह के कोई भी फैसला नहीं लिया जाएगा.सचिन पायलट ने भी अपनी बात कांग्रेस नेताओं के सामने रखी है।

पायलट ने राजस्थान की पिछली भाजपा सरकार के कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ इस सप्ताह एक दिन का अनशन किया था. उन्होंने वसुंधरा राजे पर आरोप लगाते हुए अपनी ही पार्टी की सरकार को निष्क्रिय बताया था. इसे अशोक गहलोत को एक सीधी चुनौती के रूप में देखा गया. इसे इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले सचिन पायलट द्वारा खुद को भविष्य में एक बड़ी भूमिका निभाने के लिए उठाए गए कदम के रूप में भी देखा गया। कांग्रेस नेतृत्व ने शुरुआत में अशोक गहलोत का समर्थन किया था और पायलट के उपवास को पार्टी विरोधी गतिविधि बताया था. पार्टी नेतृत्व ने अब अपना रुख बदल दिया है और बीच का रास्ता निकालने की कोशिश कर रहा है

# रियलमी ने नेक्स्ट जनरेशन चार्जिंग लीडर नार्ज़ो एन55 का अनावरण किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारत में सबसे भरोसेमंद टेक्नोलॉजी ब्रांड, रियलमी ने नार्ज़ो एन सीरीज में अब तक की अपनी पहली बेहतरीन पेशकश का अनावरण किया रियलमी नार्ज़ो एन55 अमेजॉन स्पेशल स्मार्टफोन है जिसमें इतनी कीमत में फ्लैगशिप स्तर के सेंसर के साथ 64एमपी का कैमरा और 33वाट चार्जिंग है। इसमें मिनी कैप्सूल भी है जो तीन आवश्यक विशेषताएं प्रदान करता है चार्ज नोटिफिकेशन, डेटा यूसेज नोटिफिकेशन और स्टेप नोटिफिकेशन।



नार्ज़ो एन-सीरीज में स्टाईल एवं यूटिलिटी के साथ अत्याधुनिक फीचर्स, आधुनिक प्रिज्म एस्थेटिक्स के साथ स्टाईलिश डिजाईन और शक्तिशाली प्रदर्शन जैसी खूबियाँ हैं। एन विस्तृत अद्वितीय और असीमित संभावनाओं को प्रदर्शित करता है यह उन लोगों पर केंद्रित है जो दूसरों द्वारा परिभाषित होने से इंकार कर देते हैं और जिनकी अद्वितीय रुचियाँ, महत्वाकांक्षाएं, और आकांक्षाएं हैं। रियलमी नार्ज़ो जैन-जी को अगली जनरेशन की डिवाईसेज प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और अमेजॉन के साथ शॉपिंग का बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है।

नार्ज़ो सबसे स्टाईलिश एंट्री लेवल ऑल-राउंडर स्मार्टफोन श्रेणी है जो यूजर्स को अतुलनीय अनुभव प्रदान करने के लिए बनाई गई है। भारत में इसके 12.3 मिलियन यूजर्स हैं। नार्ज़ो एन सीरीज के साथ रियलमी का उद्देश्य युवा पीढ़ी के लिए अगली जनरेशन के स्मार्टफोन बनाना है रियलमी नार्ज़ो एन55 33वाट की सुपरवूक चार्जिंग के साथ फास्ट चार्जिंग आम जनसमूह तक पहुँचा रहा है इसकी मदद से स्मार्टफोन केवल 29 मिनट में 50 प्रतिशत चार्ज हो जाता है रियलमी नार्ज़ो एन55 में 64एमपी का एआई कैमरा है जिससे यूजर्स को अपनी पूरी रचनात्मकता का प्रदर्शन करने का मौका मिलता है। साथ ही इसमें 8एमपी का सेल्फी कैमरा और अनेक फोटोग्राफी फंक्शंस हैं जिनमें एक्सक्लुसिव स्ट्रीट फोटोग्राफी मोड और नाईट मोड के साथ कई दिलचस्प फोटोग्राफी के विकल्प शामिल हैं रियलमी नार्ज़ो एन55 के साथ रियलमी यूजर्स को मिनी ड्रॉप स्क्रीन की बजाय पंच होल स्क्रीन का बेहतर अनुभव प्रदान कर रहा है और साथ ही 90 हट्र्ज का रिफ्रेश रेट पेश कर रहा है।

# आईआईएसईआर भोपाल के शोधकर्ताओं द्वारा विकसित विधि से तैयार सीओएफमेम्ब्रेन पानी से जहरीले मोलेक्यूल अलग करने में सक्षम होंगे

**भोपाल, एजेंसी।** भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल के शोधकर्ताओं ने डॉ. अभिजीत पात्रा के मार्गदर्शन में मोलेक्युलर सेपरेशन के लिए पोरस मेंब्रेन बनाने के मामले में बड़ी कामयाबी दर्ज की है। शोधकर्ताओं ने एक अभिनव प्रक्रिया विकसित की है जिससे फ्री-स्टैंडिंग क्रिस्टलीन नैनोपोरस ऑर्गेनिक फिल्में तैयार की जा सकती हैं जो पानी से जहरीले आर्गेनिक सूक्ष्म प्रदूषकों को अलग करने में सक्षम होंगी।

अध्ययन के विवरण जाने-माने जर्नल एंजवेन्डे चेमी में प्रकाशित किए गए हैं। यह शोध पत्र डॉ. अभिजीत पात्रा, एसोसिएट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान विभाग, आईआईएसईआर भोपाल और उनके शोध विद्वान श्री अर्कप्रभा गिरी, श्री जी श्री राज और श्री तापस कुमार दत्ता ने मिल कर तैयार किया है।

उद्योग जगत में विभिन्न पदार्थों को अलग-अलग करने और शुद्ध करने के लिए मेम्ब्रेन सेपरेशन तकनीक का काफी चलन रहा है। इसके लिए आम तौर पर पोरस मटीरियल्स से मेंब्रेन बनाए जाते हैं। ये मेंब्रेन कितने कारगर होंगे यह निर्धारित करने में इनके छिद्रों का आकार एक महत्वपूर्ण पहलू है। इसलिए वैज्ञानिक वर्षों से विभिन्न प्रकार के पोरस मटीरियल्स पर शोध करते रहे हैं। हाल ही में को वैलेंट आर्गेनिक फ्रेमवर्क (सीओएफ) मेंब्रेन के माध्यम से सेपरेशन की बड़ी संभावना बन कर सामने आया है।

सीओएफ दो आयामी या तीन आयामी क्रिस्टलीन पोरस आर्गेनिक पॉलीमर हैं जो अन्य पोरस मटीरियल्स की तुलना में विशिष्ट लाभदायक हैं क्योंकि उनकी संरचना और कार्यों की सटीक रूपरेखा सुनिश्चित की जा सकती है। हल्के वजन के इन मटीरियल्स में काफी ताप-स्थिरता है और ये हमेशा पोरस रहते हैं। इसलिए मेंब्रेन के माध्यम से पृथक्करण के लिए उत्कृष्ट विकल्प बनकर सामने आए हैं। सीओएफबनाने की प्रक्रियाओं पर पूरे विश्व में शोध जारी है। आईआईएसईआर भोपाल के शोधकर्ताओं ने एक आर्गेनिक इमाइन के जमोलेक्यूल को एक फ्री-स्टैंडिंग फिल्म में बदलने का कार्य प्रदर्शन किया है।ये फिल्में नैनोपोरस है यानी फिल्मों के पोर की मोटाई मनुष्य के एक बाल की चौड़ाई से एक लाख गुना कम हैं। फिल्मों का परीक्षण नैनोफिल्टरेशन तकनीक से कुछ चुने हुए जहरीले आर्गेनिक सूक्ष्म प्रदूषकों को अलग करने के लिए किया गया और यह कारगर दिखा। शोध की तकनीकी जानकारी देते हुए आईआईएसईआर भोपाल के डॉ. अभिजीत पात्रा ने कहा, ''हमारे निष्कर्षो के आधार पर अलग-अलग आयाम के दो क्रिस्टलीन एनटिटीज़ के बीच परस्पर संरचनात्मक रूपांतरण का नया द्वार खुल गया है।

# भाजपा में मुख्यमंत्री पद संगठन तय करेगाः गोपाल भार्गव

## दिग्विजय के बयान पर पलटवार छिंदवाड़ा में बोले- उनकी चुटकुलाबाजी की आदत



**छिंदवाड़ा ।** पीडब्ल्यूडी मंत्री गोपाल भार्गव ने दिग्विजय सिंह के उस बयान पर तंज कसा है जो उन्होंने भाजपा में मुख्यमंत्री पद के दावेदारों को लेकर दिया था ,दरअसल मुख्यमंत्री पद को लेकर दिग्विजय सिंह ने कहा था कि भाजपा में मुख्यमंत्री पद के 7 दावेदार है और उनमे एक गोपाल भार्गव भी है । इसको लेकर गोपाल भार्गव ने कहा कि दिग्विजय सिंह को यह मालूम नहीं कि भाजपा में संगठन और हाईकमान ही प्रत्याशी तय करता है। दिग्विजय सिंह की चुटकुला बाजी करने की आदत।गोपाल भार्गव ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि किसी ज्योतिषियों ने बताया होगा यह प्रसन्नता का विषय है कि उसमें मेरा भी नाम है। दरअसल पीडब्ल्यूडी मंत्री गोपाल भार्गव छिंदवाड़ा प्रवास पर है जहां उन्होंने आज भाजपा के पूर्व जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर आगामी चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की लेकर चर्चा की।

**अखिलेश पहले उत्तर प्रदेश में हालत सुधार ले**

गोपाल भार्गव ने अखिलेश यादव के बयान पर भी तंज कसा। दर्शन अखिलेश यादव ने कहा था कि भाजपा के कारण संविधान खतरे में है देश खतरे में है इसको लेकर गोपाल भार्गव ने कहा कि यदि अखिलेश यादव का यह मानना है तो सभी पार्टियों को यूपी से ही एक करने का प्रयास करें।

**संगठन की बैठक पार्टी एकजुट होकर काम करे**

**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी भवन छिंदवाड़ा में मध्यप्रदेश प्रदेश शासन के लोकनिर्माण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री गोपाल भार्गव जी का कार्यालय पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू सहित वरिष्ठजनों ने जोरदार स्वागत किया गया । इसके पश्चात् वरिष्ठजनों की बैठक श्री भार्गव जी ने ली । बैठक में पार्टी के संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि आगामी समय में विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव है जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी का कार्य करते हुए हमें छिंदवाड़ा विधानसभा की सभी सातों सीट पर विजय हासिल



करना है । केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार एवं राज्य की शिवराज सरकार छिंदवाड़ा जिले के विकास के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उन्हें लाभ दिलवा रही है हम इन योजनाओं को आमजन एवं असहायों के बीच कैसे ले जाकर इसका लाभ दिलवा सकते है इसके लिए हमें प्रयासरत रहना है । श्री भार्गव जी ने सभी वरिष्ठजनों से चर्चा कर आगामी चुनाव में जीत का मंत्र दिया । इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष , पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र परमार, पंडित रमेश दुबे, ठाकुर दौलत सिंह, पूर्व विधायक चौ. चन्द्रभान सिंह, पंडित रमेश दुबे, नानाभाऊ मोहोड़, मारोतराव खवसे, ताराचंद बावरिया, अजय चौरे, नथनशाह कवरेती, टीकाराम चन्द्रवंशी, श्रीमती कांता ठाकुर, उत्तम ठाकुर, संतोष जैन, धर्मेन्द्र मिगलानी, शेषराव यादव, श्रीमती उर्मिला भारती, नवीन जैन, श्रीमती माया डेहरिया, हरिशचन्द्र अग्रवाल,योगेश साहू , श्रीमती लीलाबाई गनाराम, बलवंत वर्मा, राधेलाल डेहरिया उपस्थित रहे ।

## बीएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों ने लाडली बहना योजना के फार्म भरवाए



**छिंदवाड़ा ।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक पवन सहगल, विकासखंड समन्वयक अखिलेश जैन, परामर्शदाता विनोद तिवारी, जयप्रकाश सूर्यवंशी, श्रीमती लता नागले, श्रीमती तृप्ति सिंह, आशीष साहू के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में ग्राम पंचायत गांगीवाड़ा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी की मंशा अनुरूप लाडली बहना योजना के अंतर्गत लाभार्थी महिलाओं के आवेदन फॉर्म, ईकेवाईसी, हितग्राही को आने वाली समस्याओं का समाधान, ऑनलाइन आवेदन करने में सहयोग तथा लाडली बहना योजना की जानकारी और उसका प्रचार प्रसार किया।

## पीडब्ल्यूडी कुटीर एवं उद्योग मंत्री गोपाल भार्गव का स्वागत



**छिंदवाड़ा ।** संगठनात्मक प्रवास मैं छिंदवाड़ा आए पीडब्ल्यूडी कुटीर एवं उद्योग मंत्री गोपाल भार्गव का जिला भाजपा युवा मोर्चा जिला मंत्री सौरभ सक्सेना द्वारा स्वागत उमरिया इसरा मैं किया गया जिसमे सरपंच हरिराम पाल, भाजपा नेता कृष्णा परतेती, शरीफ भाई खुटिया युवा नेता सुंदर पटेल, शिवकुमार वर्मा, पवन रघुवंशी, संजय उसरेठे, नंदू वर्मा, भीम पटेल साथ में उपस्थित रहे।

## चैक बाउंस के मामले में पूर्व विधायक पुत्र को एक साल की सजा

**परासिया ।** चार लाख 95 हजार रुपए के चेक बाउंस मामले में परासिया के लोअर कोर्ट ने आज परासिया के पूर्व विधायक लीलाधर पुरिया के बेटे सीमांत पुरिया उर्फ सिम्मी को एक साल की कैद की सजा सुनाई है। सीमांत पुरिया ने चांदामेटा निवासी कपड़े के व्यापारी नसीम को यह चैक दिए थे लेकिन वो कैश होने की जगह बाउंस होते गए। काफी लंबे समय तक चले इस केस के फैसले पर कई लोगों की निगाह टिकी थी।

## श्रीराम सेवा समिति के सदस्यों ने वितरित किया धतूरा



**सौसर ।** श्री राम सेवा समिति पांचवी टेकड़ी सौसर के सदस्यों ने द्वारा वार्ड नं 13 में स्थित पालीवाल जिम के सामने शिव मंदिर में शिव भक्तों को शिवजी का प्रिय धतूरा ज्योति शिव लिंग में चढ़ाने के लिए समिति की ओर से राजीव जायसवाल, नरोत्तम भाई पटेल, लक्ष्मण चाके, नरेश गोयल, के द्वारा वितरित किए गए, याद रहे विगत दिनों में भी शिवरात्री के पावन पर्व के शुभ अवसर पर भी समिति के द्वारा वितरित किए गए थे। शिव जी के लिए धतूरा शुभ माना जाता है धतूरा चढ़ाने का मौका सभी महिलाओं को मिला जिससे महिलाओं ने श्री राम सेवा समिति का आभार व्यक्त किया गया।

## इस वर्ष की व्दितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 मई को

**छिन्दवाड़ा ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा के कुशल नेतृत्व में आगामी 13 मई को इस वर्ष की व्दितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इसके अंतर्गत जिला न्यायालय छिंदवाड़ा तथा तहसील न्यायालय परासिया, चौरई, पांढुर्णा, सौंसर, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, हर्रई और तामिया में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इस नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, धारा 138 एन.आई. एक्ट (चैक बाउंस), मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, श्रम विवाद, विद्युत एवं जलकर, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, सिविल न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरण एवं अन्य प्रकार के दीवानी प्रकरणों का आपसी सुलह समझौते के माध्यम से निराकरण किया जायेगा।

## डॉ बाबा साहब अम्बेडकर की जयन्ती पर निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र जांच शिविर

**चौरई ।** डॉ बाबा साहब अम्बेडकर की जयन्ती के अवसर पर 14अप्रैल से 30अप्रैल तक चौरई विधानसभा मे 16स्थानों पर निःशुल्क स्वास्थ व नेत्र जांच शिविर(मोतियाबिंद ऑपरेशन)एवं लाड़ली बहना योजना के पंजीयन का शिविर लगाया जा रहा है लिए जानधिकार सेवा समिति के अध्यक्ष व शिविर संयोजक संदीप रघुवंशी ने बताया की विगत 10वर्षो से समिति द्वारा लायन्स हॉस्पिटल परासिया, विवान्ता हॉस्पिटल व स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग, जनपद पंचायत, नगरपालिका के सहयोग से 200से भी अधिक कैंप सफल हो चुके है मोतियाबिंद मुक्त चौरई विधानसभा का संकल्प पूरा हो रहा हैद्य शिविर के द्वारा निरंतर प्रत्येक ग्राम मे स्वास्थ सेवाए प्रदान की जा रही है इस अवसर पर समस्त जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओ व ग्रामवासियो से समिति ने अपील की है की अधिक से अधिक जरुरतमंदो को इस पुण्य कार्य मे भेजनें हेतु प्रयास करें लिए नर सेवा ही नारायण सेवा है तथा नेत्र दान महादान है।

# एनएसयूआई ने यूनिवर्सिटी का घेराव कर उच्च शिक्षा मंत्री का फूंका पुतला

**छिंदवाड़ा ।** जिला एन.एस.यू.आई. छिंदवाड़ा द्वारा आज एन.एस.यू.आई. जिलाध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर एवं सांसद प्रतिनिधि विश्वेन्द्र सिंह बैस के नेतृत्व विगत् कई दिनों से यूनिवर्सिटी की लापरवाही से आक्रोषित होकर आज यूनिवर्सिटी का घेराव कर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव का पुतला फूंका । उक्ताशय की जानकारी जिला एन.एस.यू.आई. अध्यक्ष अजय ठाकुर ने देते हुये बताया कि यूनिवर्सिटी में लगातार रिजल्ट खराब आने से बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया है एवं सत्र पिछड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर रिजल्ट समय पर नहीं आने के कारण और नयी कक्षा में प्रवेश लेने के पश्चात रिजल्ट खराब आने पर उन्हे दो-दो जगह फीस का भुगतान करना पड़ रहा है, जिससे निम्न आय वर्ग के छात्र-छात्रायें परेशान हैं । एन.एस.यू.आई. ने आज कुल सचिव को चेतावनी दी कि यदि 10 दिन के अंदर छात्र-छात्राओं की समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता है तो यूनिवर्सिटी के सामने तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जायेगा । उन्होनें आरोप लगाया कि यूनिवर्सिटी



के कुलपति के पास दो-दो स्थानों का प्रभार होने के कारण वे छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी में समय नहीं दे पा रहे हैं, इससे छात्र-छात्राओं की समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है । इस अवसर पर निहाल सक्सेना, नितिन डेहरिया, अनुराग डेहरिया, नावेद खान, इमरान अली, पियूष शर्मा, अंसार मंसूरी, सत्येन्द्र अहिरवार, सूरज बिहारे, अंकित डेहरिया, अविनाश काकोड़िया, भूपेन्द्र यदुवंशी, अर्पित तिवारी, कैफ खान, मिन्टू प्रजापति, गगन उसरेठे, नयन डेहरिया, भारत यदुवंशी, संजू डेहरिया, केशव बेलवंशी, विनय साहू, आदित्य डेहरिया, प्रवीण मर्सकोले, हिमान्शु, विकास साहू, निखिल आहके, श्याम पहाड़े, हर्ष नागवंशी, प्रफुल्ल डेहरिया, गगन कुमरे, समीर कुमरे, प्रकाश कुमरे, प्रीति करपे, करिश्मा उइके, महिमा बोन्डे, शालिनी मरावी, हिमांशु कुमरे, विकास डेहरिया सहित अन्य छात्र-छात्रायें उपस्थित थी ।

## स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी के निरीक्षण करने पहुंचे निगमायुक्त

### डायल 101 का भी किया परीक्षण



**छिंदवाड़ा ।** समय सीमा में बैठक में दिए निर्देशों के उपरांत शहर के स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 एवं जीएफसी 5 स्टार रेटिंग सर्वे की तैयारियो एवं शहर की सफाई व्यवस्था का ज़मीनी निरीक्षण हेतु निगमायुक्त राहुल सिंह गुरुवार 13 अप्रैल को सुबह विभिन्न स्थानों पर पहुंचे।जहां उन्होंने राजीव गांधी बस स्टैंड, एक्सीलेंस एवं एम एल बी स्कूल, पानी टंकी सब्ज़ी मंडी क्षेत्र सहित दीनदयाल पार्क तथा फायर ब्रिगेड स्टेशन की सफाई व्यवस्था देखी।क्षेत्र में दुकानों के आस पास गंदगी पाए जाने पर आयुक्त के निर्देश पर नगर निगम अमले ने संबंधित दुकानदारों पर कुल ?5700/- का जुर्माना किया गया तथा आस-पास का अतिक्रमण भी हटवाया गया।आयुक्त ने नगर निगम की जल प्रदाय शाखा, विद्युत शाखा एवं फायर शाखा का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हेल्पलाइन नंबर 101 डायल कर यह भी देखा कि यह हेल्पलाइन सेवा प्रभावी रूप से संचालित है या नहीं, जो कि संचालित पाई गई।

**योजना कार्यलय के पास किया जुर्माना**

योजना कार्यालय नगर निगम के सामने गन्ना जूस की दुकानों पर गंदगी करने हेतु जुर्माना लगाया गया जिसमें 6 दुकानदारों के विरुद्ध 500- 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया एवं पुनः गंदगी न करने की समझाइश दी गई। कार्यवाही में कुल 3000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। इस कार्यवाही में स्वच्छता निरीक्षक अरुण कुमार गढ़ेवाल एवं वार्ड सुपरवाइजर हेमंत गोदरे उपस्थित रहे।

## तामिया के विश्वप्रसिद्ध अनहोनी में लाखों की लागत से बढ़ेंगी जनसुविधाएं

### तामिया क्षेत्र को मिली बड़ी सौगात



**तामिया/जुन्नारदेव ।** छिंदवाड़ा जिले की जुन्नारदेव विधानसभा के तामिया विकासखण्ड के विश्व प्रसिद्ध स्थल अनहोनी में स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले गर्मकुंड में स्नान करने प्रतिदिन दूर दूर से हजारों लोग यहाँ पर पहुंचते है। इसी स्थान पर मकर संक्रांति के समय एक बड़ा मेला भी लगता है। ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के इस स्थान पर लोग तो बहुत आते है किंतु यहाँ पर अधिक जनसुविधाएं नही होने से उनमें थोड़ी निराशा होती है। क्षेत्रवासियों ने जिले के सांसद नकुलनाथ एवं जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके से इस स्थान पर जन सुविधा के विस्तार हेतु निवेदन किया था। जन अपेक्षाओं को गंभीरता से लेते हुए नेता द्वय ने तत्कालीन कमलनाथ सरकार के समय ही पर्यटन विभाग से अनहोनी के गर्मकुंड के आस पास के विकास कार्यो का एक डी पी आर तैयार कराया था। जिसके अंतर्गत अनहोनी मेला स्थल के पास ही एक पार्किंग स्थल, मेला स्थल पर दुकानों के लिए प्लेटफार्म, गर्मकुंड पर एक शैड, गर्मकुंड के समीप के नाले को व्यवस्थित करना, महिला एवं पुरुषों के लिए प्रथक प्रथक चेंजिग रूम, गर्मकुंड में सुरक्षा जाली सहित और भी अन्य कार्यों को सम्मिलित किया गया था। विगत दिनों शासन से उक्त कार्यों की स्वीकृति मिलने के पश्चात पर्यटन विभाग ने निविदा भी आमंत्रित कर ली है। निविदा की प्रक्रिया पूर्ण होते ही 60.26 लाख रुपये की लागत से उक्त विकास कार्य प्रारम्भ हो सकेंगे। गौरतलब है की पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भी केंद्रीय मंत्री रहते अनहोनी सहित जिले के कई धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों पर विकास कार्य कराए गए थे। क्षेत्रवासियों ने सांसद नकुलनाथ एवं विधायक सुनील उईके के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## ग्रामीण समस्याओं को लेकर एसडीएम को दिया गया ज्ञापन



सौंसर। सौसर क्षेत्र के ग्राम पंढरी गांगतवाडा सावजपानी के प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना मैं ठेकेदार द्वारा लापरवाही और लेटलतीफी से परेशान ग्रामीणों ने कांग्रेस नेता डॉ.शिव सालोटकर के नेतृत्व में छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पैदल रैली के माध्यम से एसडीएम कार्यालय पहुंच ज्ञापन सौंपा गया इसमें ठेकेदार द्वारा नव निर्माण के लिए एक साल पहले से तोड़ी गई तीन पुलिया अभी तक निर्मित नहीं की गई है ग्राम में पेयजल टंकी का काम ठेकेदार द्वारा अधूरा छोड़ दिया गया है प्राथमिक शाला का बाउंड्री वॉल का काम स्वीकृत होने पर भी रोक दिया रोक दिया गया है तथा अन्य विकास की समस्याओं को लेकर ग्राम के आक्रोशित वरिष्ठ नागरिक युवा साथी तथा पंचायत समिति सरपंच उप सरपंच वार्ड मेंबर जिसमें शामराव सालोटकर गौतम बागडे ओमप्रकाश कुमरे ओमप्रकाश येलकर दिलीप मोरे शंकर सिंह गणपत सिंह नारायण सिंह राजू जादव शामराव बागड़े गुलाब सिंह मधुर सिंह शिंदे कैलाश कोसरे हेमराज शिंदे वीरेंद्र देवड़ा धनराज मरावी वासुदेव तोमर पांचू कवडेती सुनील मड़के राजेंद्र भोसले निलेश निकम शामराव बागड़े शामिल हुए

## हाईकोर्ट ने वापस लिया छिंदवाड़ा एसपी का निलंबन आदेश



**छिंदवाड़ा ।** एस पी विनायक वर्मा को सस्पेंड करने के आदेश वापस ले लिए है। एसपी वर्मा ने गुरूवार को हाईकोर्ट में पेश होकर माफी मांगी। इसके बाद हाईकोर्ट ने निलंबन आदेश वापस ले लिया। उनके अलावा एन एच आई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर भी हाईकोर्ट में पेश हुए। जिसके बाद उनका भी अरेसट वारंट वापस हो गया। इससे पहले चीफ जस्टिस रवि मलिमठ की डिवीजन बेंचने बुधवार को एसपी को सस्पेंड करने के आदेश दिए थे। कोर्ट ने कहा था कि एसपी को अगले आदेश तक सस्पेंड रखा जाए। असल में कोर्ट ने एक मामले में वारंट जारी कर तामीली करने को कहा था। एसपी ने वारंट तामील कराने के बजाय उल्टा कोर्ट को लेटर लिख दिया कि उक्त व्यक्ति का तबादला हो गया है, वारंट तामील नहीं हो सकता । कोर्ट ने इसे आदेश की अवमानना मानते हुए नाराजगी जाहिर की थी।

मामला छिंदवाड़ा में एन एच आई द्वारा तुलसी रामायण मंडल नाम की धार्मिक संस्था की जमीन अधिग्रहण का है। छिंदवाड़ा में साल 2018 से पहले खजरी मार्ग पर एनएचएआई ने सड़क निर्माण के दौरान तुलसी रामायण मंडल के 1200 वर्ग फिट प्लाट का अधिग्रहण किया गया था। इसमें महज 600 वर्ग फिट का मुआवजा दिया गया।

## खतरनाक सुरंगों से निकलवाया जा रहा कोयला

### गरीबों की जान से खिलवाड़ कर रहा कोल माफिया

**परासिया ।** ईकलहरा की बंद ओपन कास्ट खदान से स्थानीय कुख्यात कोयला चोर खतरनाक सुरंग बनाकर ग्रामीणों से प्रतिदिन बड़ी मात्रा में कोयला निकलवा रहा है। जिससे बड़ी आशंका पैदा हो गई है ।कि कभी भी सुरंग का भाग धस सकता जिससे कई लोगों की जान जा सकती है जान की बाजी लगाकर बेरोजगार भोले-भाले ग्रामीण रोजी रोटी के लिए मजबूरी में दिन के समय सुरंग में घुसकर कोयला निकाल रहे हैं जानकार सूत्रों ने बताया कि कोयला चोर इन ग्रामीणों को कम पैसे देकर कोयला निकलवाता है। दिन भर मे निकाला गया सैकड़ों बोरी कोयला रात के समय ट्रक और पिकअप में भरकर अंबाडा के रास्ते गांगिवाडाऔर जमाई क्षेत्र के साथ ही उमरेठ मोरडोंगरी मुनगा पटपडा निमकुही आदि स्थानों के ईट भट्ठे में महंगे दामों में बेचा जाता है ।सूत्रों ने बताया कि कोयला चोर लंबे समय तक कोयला निकालने के लिए तीन बड़ी खतरनाक सुरंग बनाई है जिसके भीतर से अच्छे किस्म का कोयला निकाला जाता है। कोयला चोरी के इस काम में करीब 100 मजदूरों को लगा रखा है। नेताओं और पुलिस अधिकारियों का गठजोड़ बड़े पैमाने पर हो रही इस कोयला चोरी को लेकर कोयला चोरों के हौंसले इसलिए बुलंद है। कि इस अवैध कारोबार में नेता और पुलिस अधिकारी तथा कुछ धार्मिक संगठनों के कथित लोगों का गठजोड़ है और आर्थिक लाभ के लिए सभी लोग मिलकर इस अवैध कारोबार को संचालित कर रहे हैं। शायद इसलिए भी कि वे कोली में खदान बंद करने के बाद खदान पर ध्यान देना बंद कर दिया है ।पेंच क्षेत्र में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तैनात है लेकिन वेकोली के द्वारा भी कोई कार्यवाही नहीं करने पर ऐसा लगता है ।कि वेकोली ने बंद खदान को कोयला चोरों के हवाले छोड़ दिया है पूर्व के वर्षों में देखा जाए तो इकलेहरा खदान की चोरी की शिकायत मिलने पर छिंदवाड़ा से एडिशनल एसपी ने खदान में आकर बड़ी मात्रा में अवैध रूप से निकाला गया कोयला पकड़ा था। एडिशनल एसपी ने पुलिस अधिकारी एवं सी आई एस एफ को मिलकर कोयला चोरी रोकने एवं कोल माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे लेकिन उनके निर्देशों का पालन नहीं किया गया जिसके कारण बड़े पैमाने पर कोयला निकालने का काम लगातार जारी है।



## छल कपट वाली भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का लिया संकल्प

### नगर ग्रामीण महिला कांग्रेस की बैठक

**छिन्दवाड़ा ।** प्रदेश की भोली भाली जनता के साथ छल कपट कर अठारह वर्षों से काबिज भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प नगर ग्रामीण महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लिया। आज स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में आयोजित नगर ग्रामीण महिला कांग्रेस की बैठक में प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान की नेतृत्व वाली भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया साथ ही आगामी विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव के मद्देनजर महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। आयोजित बैठक में नवनियुक्त महिला पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी- प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार नगर ग्रामीण महिला कांग्रेस में नवनियुक्तियां की गई। पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद तिवारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती किरण चौधरी व ग्रामीण अध्यक्ष दिगम्बर ठाकरे व वार्ड पार्षदों से चर्चा के उपरांत नगर ग्रामीण महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती मनीषा पाल के द्वारा नवनियुक्तियां की गई। वार्ड क्रमांक 34 अध्यक्ष श्रीमती सारिका जगताप, श्रीमती संध्या चौरसिया उपाध्यक्ष, निगम ग्रामीण की टीम में श्रीमती रानी योगेश अल्डक उपाध्यक्ष, वार्ड क्रमांक 37 अध्यक्ष श्रीमती अंजनी डिगरसे, संगीता नामदेव उपाध्यक्ष, वार्ड क्रमांक 9 में अध्यक्ष भारती धुर्वे, उपाध्यक्ष मधु वर्मा मनोनीत की गई। निगम ग्रामीण में नोनिया से श्रीमती बिदिया राजेश राठौर, श्रीमती पार्वती चौरसिया व डॉ. हलीमा खान को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है। सोनपुर से श्रीमती मीना नागवंशी वार्ड सचिव, थुनिया अध्यक्ष श्रीमती रामदुलारी रमेश तिलंते, श्रीमती रजनी चौरे को निगम ग्रामीण में महामंत्री, जुबेदा बी को उपाध्यक्ष, फरीदा खान को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## अंबेडकर पर केन्द्रित होगा सेमीनार, भाजपा सरकार की योजनाओं पर होगी चर्चा

छिंदवाड़ा। आज संविधान निर्माता डॉ . भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम आयोजित होंगे। अंबेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर केन्द्रित सेमिनार आयोजित होगी। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता सेवा बस्तियों में केन्द्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा करेंगे। हर विधानसभा में 100 स्थानों पर होगा प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम जिला अध्यक्ष ने प्रदेश में चल रहे बूथ विस्तारक अभियान के शेष कार्यक्रम को गति देने की बात कही। पार्टी नेताओं ने कहा कि 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 100 वां संस्करण प्रसारित होगा। प्रत्येक विधानसभा के 100 स्थानों पर मन की बात के कार्यक्रम प्रभावी हो एवं हर कार्यक्रम में 100 कार्यकर्ता एवं प्रबुद्धजन की उपस्थिति भी सुनिश्चित की जाए।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा (म.प्र.)**

फोन नं. 07160-231007 ईमेल-cmojunrdev@mpurban.gov.in
क्रं. 834/PWD/NPP/2023 जुन्नारदेव दिनांक 13.04.2023

**तृतीय निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकताहै।

| टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा पप्रत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2023_UAD_ 257294_3 दि. 13.04.2023 | कायाकल्प अभियान अंतर्गत वार्ड क्रं. 06,10 ,02, 09, 04, 08 एवं 05 में डामलीकरण कार्य | 2 माह 9268527/- | 10000/- 69600/- | 22.04.2023 |

शर्ते- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से सामाचर पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य अपर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव
पालिका परिषद जुन्नारदेव



# सामाजिक न्याय के प्रणेता
# भारत के संविधान निर्माता
# भारत रत्न, बाबा साहेब
# डॉ. भीमराव अम्बेडकर को
# कोटि-कोटि नमन...



**नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री



**मंगुभाई पटेल,** राज्यपाल



**शिवराज सिंह चौहान,** मुख्यमंत्री

**विगत तीन वर्षों में अनुसूचित जाति के 55 लाख 73 हजार से अधिक हितग्राहियों को ₹ 2600 करोड़ की सहायता से लाभान्वित किया गया है।**

## 132वाँ जयंती समारोह

14 अप्रैल, 2023

मुख्य अतिथि
**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

अध्यक्षता
**शिवराज सिंह चौहान**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

डॉ. अम्बेडकर स्मारक भवन, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) • दोपहर 12:00 बजे
बुड़ढी जीन, महेश्वर • अपराह्न 1:30 बजे

D-11010/23

सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP

अनुसूचित जाति कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश शासन

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2023